सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 106 गुरुग्राम (हरियाणा), 'बुधवार 18 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए I पृष्ठ : 08

गोपाष्टमी पर मोरनी से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया 'माटी वंदन अभियान' और 'नमो मोरनी मिशन' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा, वर्ष 2029 तक मोरनी बनेगा देश का आदर्श जैविक एवं प्राकृतिक खेती ब्लॉक

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गोपाष्टमी पर मोरनी से 'माटी वंदन अभियान' और 'नमो मोरनी मिशन' का शुभारंभ करते हुए मोरनी को देश का आदर्श जैविक एवं प्राकृतिक खेती ब्लॉक विकसित करने के उद्देश्य से मोरनी के किसानों को लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि मोरनी के किसानो की हर समस्या का समाधान एक ही छत के नीचे करने के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन 01733-297010 शुरू की जाएगी। मोरनी में कृषि, बागवानी तथा भूमि एवं जल संरक्षण विभाग का संयुक्त कार्यालय बनेगा। तब तक तीनों विभागों के अधिकारी नमो भवन (पूर्व में गेट्टी भवन) में बैठेंगे, जिसे बाद में कृषि विभाग को सौंपकर जैविक एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा, जहाँ विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे और जैविक खाद, बीज व दवाई भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि तीनों विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और उनकी मोरनी में तैनाती बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, मोरनी, पंचकूला में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्राकृतिक/जैविक खेती किसान मेला का उद्घाटन करने उपरांत उपस्थितजन को संबोधित कर रहे रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने "माटी वंदन पखवाड़े" का भी शुभारंभ किया और इसके पोस्टर का अनावरण किया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा और कालका की विधायक श्री शक्ति रानी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने नमो मोरनी मिशन की घोषणा करते हुए कहा की मिशन के तहत वर्ष 2029 तक मोरनी को सिक्किम की तर्ज पर आदर्श जैविक खेती ब्लॉक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें किसानों को प्रति बीघा के आधार पर सुविधाएँ देने का प्रयास किया जाएगा। वन विभाग की वाटिका में जैविक खेती का जीवंत प्रदर्शन होगा, जहाँ किसानों के साथ स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी भी सीखेंगे। इसके अलावा मिट्टी परीक्षण, बायो लैब, पोषण परीक्षण और कीटनाशक अवशेष परीक्षण की चार आधुनिक प्रयोगशालाएँ स्थापित होंगी। ये मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना को भी मजबूत करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा की कि केंद्र की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप और राज्य के सहयोग से मिकाडा द्वारा ड्रिप सिंचाई पर 85 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। भूमि संरक्षण शाखा द्वारा रिटेनिंग दीवार, चेक-डैम और छोटे तालाब बनाए जा रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्र को देखते हुए छोटे कृषि यंत्रों पर 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

उन्होने घोषणा करते हुए कहा की अब उपज भी मोरनी की, ब्रांड भी मोरनी का, मंडी भी मोरनी में होगी। हैफेड जैविक व प्राकृतिक उत्पादों की खरीद की नोडल एजेंसी होगी और इन्हें मोरनी ऑर्गेनिक फ्रेश ब्रांड से बाजार में उतारेगी। ऑनलाइन बिक्री के लिए ऐप बनेगा, और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड मोरनी में ही ऑर्गेनिक मंडी विकसित करेगा। उन्होंने यह भी घोषणा करी की पूरा मोरनी खंड, जैविक खंड होगा। अगले तीन वर्षों में मोरनी खंड की लगभग 5,600 एकड़ भूमि 60:40 के अनुपात में विकसित होगी जिसमें कृषि में 3,360 एकड़ और बागवानी में 2,240 एकड़ शामिल है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन में सामुदायिक संसाधन व्यक्ति को 5,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। उन्होंने मोरनी खंड में 5,000 रुपये अतिरिक्त, यानी कुल 10,000 रुपये प्रति माह दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा की मोरनी में चल रहे किसान मेले में गेहूँ व सब्जियों का बीज, जैविक खाद और सब्जियों की पौध नि:शुल्क वितरित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा की अब मोरनी का किसान केवल फसल नहीं उगाएगा, ब्रांड बनाएगा, मंडी नहीं जाएगा, बाजार उसके द्वार आएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना, मिट्टी की सेहत सुधारना, शुद्ध भोजन उपलब्ध करवाना और मोरनी के युवाओं को स्थानीय रोजगार देना सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने किसानो से संवाद करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती में लागत घटती है, जमीन की ताकत लंबे समय तक बनी रहती है और उपज के दाम बेहतर मिलते हैं। किसान इस मिशन में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे अपना मिशन बनाएँ।

उन्होने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती की इस यात्रा में मोरनी सबसे आगे होगा। जैसे सिक्किम ने देश को राह दिखाई, वैसे ही मोरनी देश का आदर्श जैविक एवं प्राकृतिक खेती ब्लॉक बनेगा। उन्होने कहा कि यहाँ के किसान अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र की हरियाणा इकाई के साथ मिलकर एपिकल रूट कटिंग तकनीक से आलू की पौध तैयार कर रहे हैं। इसके लिए पॉलीहाउस लगाने पर लागत का 70 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। शेष 30 प्रतिशत किसान स्वयं वहन करते हैं। मोरनी में अब तक 15 पॉलीहाउस लग चुके हैं, जिनमें हर वर्ष 15 से 20 लाख आलू की पौध तैयार होती है। यह पौध हरियाणा ही नहीं, दूसरे राज्यों के किसानों तक भी पहुँच रही है, और इससे मोरनी के किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की शहरी स्वामित्व योजना की समीक्षा

पात्र दुकानदारों को शीघ्र मालिकाना हक दिलाना सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहरी स्वामित्व योजना 1.0 और शहरी स्वामित्व योजना 2.0 के तहत दुकानदारों को मालिकाना हक प्रदान करने से संबंधित सभी लंबित मामलों का एक माह के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र दुकानदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक देने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। मुख्यमंत्री मंगलवार को चंडीगढ़ में स्वामित्व योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग, राजस्व विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HSVP) से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 20 वर्ष से अधिक समय से किराये, लीज अथवा लाइसेंस फीस के आधार पर संचालित नगर निकायों की दुकानों का मालिकाना हक उनमें काबिज पात्र व्यक्तियों को देने का निर्णय लिया था। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना शुरू की गई थी, ताकि वर्षों से दुकानों का संचालन कर रहे लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार मिल सके और वे सम्मान एवं आत्मविश्वास के साथ अपना कारोबार कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को उनकी संपत्ति का पूर्ण, वैध और निर्विवाद मालिकाना अधिकार दिलाना है। स्वामित्व का अधिकार मिलने से दुकानदारों को न केवल स्थायित्व मिलेगा, बल्कि वे अपनी संपत्ति का बेहतर उपयोग भी कर सकेंगे। सरकार की मंशा है कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से मिले और किसी भी व्यक्ति को विभागीय प्रक्रियाओं के कारण अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में विभिन्न विभागों की अनापत्ति, दस्तावेजों के सत्यापन अथवा अन्य औपचारिकताओं के कारण कार्य लंबित है, उनका आपसी तालमेल से शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित एक माह की समय-सीमा में लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लेकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना ही सरकार की कार्यशैली का मूल आधार है। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि शहरी स्वामित्व योजना 1.0 के तहत अब तक कुल 13,601 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 7,224 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जबकि 47 मामले लंबित हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: हरियाणा पवेलियन में विरासत और विकास का अद्भुत संगम : सांसद संजय भाटिया

हरियाणा पवेलियन में प्रदेश के इतिहास से लेकर आज के विकास को दिखाया: ए.मोना श्रीनिवास

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। राज्यसभा सांसद श्री संजय भाटिया और व्यापार मेला प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक श्रीमती ए. मोना श्रीनिवास ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बनाए गए हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूरे पवेलियन का बारिकी से अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री संजय भाटिया ने कहा कि हरियाणा हर क्षेत्र में नंबर-1 है, इसकी झलक इस हरियाणा पवेलियन में भी देखने को मिल रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों को अधिक से अधिक संख्या में इस मेले में पहुंचकर विरासत और विकास के इस अद्भुत संगम की झलकियां देखने का आह्वान किया।

राज्यसभा सांसद श्री संजय भाटिया ने कहा कि वे कई वर्षों बाद व्यापार मेले में आए हैं। इससे पहले वे स्कूल के समय बच्चों के साथ भ्रमण के दौरान यहां आए थे। आज हरियाणा पवेलियन में आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा हर क्षेत्र में नंबर वन है। वर्ष 1966 में हरियाणा के गठन के बाद से लगातार लोगों का जीवन स्तर बदल रहा है और लोग खुशहाल हो रहे हैं। तकनीक के मामले में भी हरियाणा का कोई मुकाबला नहीं है।

पानीपत निर्यात के रूप में ही जाना जाता है: सांसद श्री संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देश पर मेले में निर्यात कॉर्नर बनाया गया है। यह बेहद सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि उनका जन्मस्थान पानीपत है, जो विभिन्न उत्पादों के निर्यात के रूप में ही जाना जाता है। टेक्सटाइल निर्यात के मामले में पानीपत का भारत में अहम स्थान है। पवेलियन में उन्होंने फरीदाबाद और गुरुग्राम के अनेक उत्पाद भी देखे। उन्होंने करनाल लोकसभा क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया है। वहां का बासमती चावल, जिसकी खुशबू पूरी दुनिया में फैली हुई है, उसे भी उन्होंने आज पवेलियन में दिखाया गया है। हरियाणा पवेलियन में कृषि और निर्यात के संयोजन पर सांसद श्री संजय भाटिया ने कहा कि इस बार यह बहुत सोच-समझकर तय किया गया बड़ा अच्छा संयोजन है।

ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक घर बैठे स्वामित्व पोर्टल पर दर्ज करवा सकेंगे संपत्ति संबंधी आपत्तियां एवं शिकायतें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने स्वामित्व योजना से जुड़ी आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए की स्वामित्व पोर्टल की लॉन्चिंग

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की लाल डोरा स्थित प्रोपर्टी के स्वामित्व से संबंधित शिकायतों व आपत्तियों के समाधान के लिए मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्वामित्व पोर्टल की लॉन्चिंग की। इस दौरान हरियाणा के राजस्व मंत्री श्री विपुल गोयल, राजस्व वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा व मुख्यमंत्री के उप-प्रधान सचिव डॉ. यशपाल भी मौजूद थे। सभी जिलों के उपायुक्तों सहित जिलों में नियुक्त राजस्व विभाग के उच्चाधिकारी भी ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए उसका घर और संपत्ति जीवनभर की मेहनत तथा परिवार की सबसे बड़ी पूंजी होती है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को उसकी संपत्ति का सही रिकॉर्ड मिले और उसके अधिकार सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में 25 लाख प्रोपर्टी लाल डोरा में आती है जिसका स्वामित्व रिकॉर्ड पहले इनके मालिकों के पास नहीं था जिसके कारण इन्हें प्रोपर्टी की खरीद-बेच में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018-19 में हरियाणा सरकार द्वारा स्वामित्व योजना शुरू की गई थी जिससे प्रभावित होकर केंद्र सरकार ने इसे पूरे देश में लागू किया। लाल डोरा स्थित प्रोपर्टी के असली मालिकों को उनका हक देने के लिए सरकार ने ड्रोन सर्वे करवाकर, टीमों को गांवों में भेजकर तथा आमजन की आपत्तियां लेकर प्रोपर्टी के मालिकाना हक को फाइनल किया तथा असली मालिक को हक देने के लिए नया कानून भी बनाया।

उन्होंने बताया कि आज प्रदेश में रेवेन्यू हरियाणा की वेबसाइट पर एक ही स्थान पर राजस्व संबंधी सभी सेवाएं आमजन के लिए उपलब्ध हैं। आज लॉन्च किए गए स्वामित्व पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपने जिला व गांव का नाम डालकर तथा अपने मोबाइल नंबर से लोगिन करके अपनी प्रोपर्टी का रिकॉर्ड देख सकता है। यदि उसके मकान या प्लॉट के क्षेत्रफल में गलती है, संपत्ति की किस्म में कोई त्रुटि है, एक ही संपत्ति की दो प्रॉपर्टी आईडी बन गई हैं, किसी मालिक का नाम गलत दर्ज हो गया है अथवा किसी व्यक्ति का नाम दर्ज होने से छूट गया है, तो वह 90 दिन के भीतर पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। 90 दिन के बाद इसी पोर्टल के माध्यम से प्रोपर्टी के असली मालिकों के स्वामित्व कार्ड ऑटोमैटिक जनरेट होंगे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस पोर्टल से नागरिकों को अपनी संपत्ति से संबंधित समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का एक आसान और सुविधाजनक माध्यम मिलेगा। पोर्टल पर नागरिक अपनी संपत्ति को डिजिटल मानचित्र पर भी देख सकेंगे। इसके साथ ही ड्रोन इमेजरी की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है, जिससे लोग अपनी संपत्ति की स्थिति और सीमाओं को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

बरवाला-अग्रोहा रेलवे लाइन पर बनाया जाएगा ओवरब्रिज, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने की घोषणा

गोवंश संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जिम्मेदारी : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

ओपन सर्च/ब्यूरो

- 12 दिसंबर को बरवाला में होगी विशाल जनसभा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे शिरकत

चंडीगढ़। बरवाला-अग्रोहा मार्ग पर रेलवे लाइन पर फाटक बंद होने के चलते लगने वाले जाम से वाहन चालकों को निजात दिलाने के लिए यहां ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। मंगलवार को हिसार जिला के श्री गौरक्षा सेवा समिति गौशाला बरवाला में 17वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित गोपाष्टमी पूजन समारोह में शिरकत करने पहुंचे हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह रेल मार्ग एक व्यस्त रेल मार्ग है, जिस पर रेलगाड़ियों का आवागमन भी ज्यादा है और इस कारण से यहां पर फाटक बंद होने से अक्सर जाम लग जाता है, इससे आमजन को परेशानी होती है। इसलिए इस फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा। गोपाष्टमी पूजन समारोह के दौरान उन्होंने गोमाता की पूजा कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी भी है। समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने गौशालाओं को आर्थिक सहयोग के रूप में चेक भी वितरित किए।उन्होंने श्री गो रक्षा सेवा समिति अग्रोहा रोड बरवाला को 17 लाख 34 हजार 287 रुपये तथा श्री गोपाल गौशाला टोहाना रोड को 17 लाख 45 हजार 323 रुपये की राशि के चेक सौंपे। इसके अतिरिक्त उन्होंने दिव्यांग गौशाला के लिए 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेजने के लिए भी कहा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गौशालाएं बेसहारा गोवंश को संरक्षण देने के साथ समाज में सेवा, करुणा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रही हैं।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गोवंश के संरक्षण और संवर्धन को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को प्रोत्साहन देने, उनके संचालन में सहयोग करने और बेसहारा गोवंश के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

पशुपालन विभाग के लिए 150 लाख सीरिंज की खरीद को मिली मंजूरी

- टीकाकरण अभियान को मिलेगी रफ्तार

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हाई पावर परचेज कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के सरकारी पशु अस्पतालों और औषधालयों के लिए लगभग 1.72 करोड़ रुपये की लागत से 150 लाख (1.5 करोड़) सीरिंज की खरीद को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इन सीरिंजों का मुख्य उपयोग राज्य भर में पशुओं को संक्रामक और जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए चलाए जाने वाले व्यापक टीकाकरण अभियानों और नियमित इलाज में किया जाएगा। विशेष रूप से पशुओं में तेजी से फैलने वाले मुंह-खुर रोग और अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए इनकी आवश्यकता रहती है। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुधन का विशेष महत्व है और यह किसानों की आय का एक प्रमुख साधन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार पशुपालकों की आमदनी को दोगुना करने और उनके पशुधन को हर प्रकार की बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में सरकार द्वारा समय-समय पर विशेष नि:शुल्क टीकाकरण अभियान और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं। श्री राणा ने आगे कहा कि पशुओं के बीमार होने पर पशुपालकों को न केवल आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि दूध उत्पादन पर भी विपरीत असर पड़ता है। इसलिए सरकार का ध्यान इलाज के साथ-साथ बीमारियों की अग्रिम रोकथाम पर है। राज्य सरकार द्वारा पशुधन के समग्र विकास, नस्ल सुधार और पशुपालकों के आर्थिक उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

शहीद स्मारक के सामने जल्द लगेगा एस्केलेटर, मिली मंजूरी; लोगों को आने-जाने में होगी सुविधा : ऊर्जा मंत्री अनिल विज

हरियाणा के सभी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को शहीद स्मारक का भ्रमण कराने की बनाई जा रही योजना : अनिल विज

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक के सामने जल्द ही एस्केलेटर लगाया जाएगा। इसके लिए मंजूरी मिल चुकी है। एस्केलेटर लगने से पैदल आने वाले लोगों को नेशनल हाईवे (जीटी रोड) पार करने में सुविधा होगी। इसके साथ ही प्रदेश के सभी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को शहीद स्मारक का भ्रमण कराने की योजना भी बनाई जा रही है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक के सामने नेशनल हाईवे होने के कारण लोगों को सड़क पार करने में समस्या हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए एस्केलेटर लगाने को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इसके निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

मंत्री ने बताया कि शहीद स्मारक को 15 नवंबर से आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इसे खोलने से पहले उन ज्ञात-अज्ञात क्रांतिकारियों की आत्मिक शांति के लिए हवन-यज्ञ किया गया, जिन्हें अंग्रेजों ने गोलियों से भून दिया था, पेड़ों पर लटकाकर मार दिया था और जिनके गांव तक जला दिए गए थे। उन्होंने कहा कि यह स्मारक देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के बलिदान को समर्पित है। उन्होंने बताया कि स्मारक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था की गई है और पहले महीने की सभी बुकिंग हो चुकी हैं। स्मारक खुलने के पहले ही दिन छत्तीसगढ़, पंजाब और हरियाणा के विभिन्न जिलों से भी लोग इसे देखने पहुंचे।

हरियाणा के सभी स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को शहीद स्मारक का भ्रमण कराने की बनाई जा रही योजना : अनिल विज

हिन्दी दैनिक ओपन सर्च


गुरुग्राम सर्च

गुरुग्राम (हरियाणा), बुधवार, 18 नवंबर 2026
www.opensearch.co.in

ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो प्रोजेक्टः नहीं होगी बख्तावर चौक की री-डिजाइनिंग, जीएमआरएल ने बताया अव्यवहारिक

आज खुल सकता है दूसरे चरण का 1662 करोड़ रुपए का टेंडर, 30 महीने पर पूरा करना होगा प्रोजेक्ट

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत बख्तावर चौक की री-डिजाइनिंग नहीं की जाएगी। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमआरएल) की ओर से चौक की री डिजाइनिंग का सुझाव दिया गया था, लेकिन गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) ने इसके व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होने की बात कही है। जीएमआरएल के अनुसार चौक की री-डिजाइनिंग करने पर करीब 2 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आता। इसके साथ ही निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक को चार से छह महीने तक और डायवर्ट करना पड़ता। इससे मेट्रो प्रॉजेक्ट में भी देरी होती और लोगों की परेशानी बढ़ती है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की ओर से सुझाव दिया गया था कि मेट्रो ट्रैक के ऊपर से गुजरने के साथ ही चौक पर नीचे से भी रास्ता बनाने की व्यवस्था की जाए। इसके तहत अंडरपास या सड़क बनाने का विकल्प देखा गया था। हालांकि मेट्रो के पिलर की स्थिति के कारण नीचे से रास्ता बनाने में दिक्कत आ रही है। ऐसे में इस बदलाव को लागू करना आसान नहीं है। जीएमआरएल की ओर से जीएमआरएल को पत्र लिखकर री-डिजाइनिंग से जुड़ी दिक्कतों और अतिरिक्त खर्च की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि पहले से चल रहे मेट्रो निर्माण के दौरान चौक पर दोबारा बदलाव करने से काम का दायरा बढ़ जाएगा। इससे प्रॉजेक्ट की समयसीमा प्रभावित होने की आशंका है। जीएमआरएल का मानना है कि मौजूदा डिजाइन के तहत ही मेट्रो निर्माण को आगे बढ़ाना बेहतर होगा।

आज खुल सकता है 1662 करोड़ रुपए का टेंडर

गत 5 अक्टूबर को करीब 1662 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। इसे 18 नवंबर को खोला जा सकता है। 30 महीने के अंदर दूसरे चरण के तहत मेट्रो मार्ग का निर्माण होना है। मेट्रो मार्ग के निर्माण की अड़चनों को दूर करने की प्रक्रिया जीएमआरएल ने शुरू कर दी है। जीएमआरएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक गबदू राम चौधरी ने एचएसवीपी अधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि मेट्रो निर्माण के लिए मौजूदा सड़कों के मध्य मार्ग की आवश्यकता है। निर्माण के लिए करीब नौ मीटर चौड़ी सड़क की जरुरत होगी।

अवैध निर्माण चलेगा बुल्डोजर

सड़क की पैमाइश करवाने के बाद अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा। जीएमआरएल ने एचएसवीपी से आग्रह किया है कि पैमाइश के बाद इन सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए। सड़कों पर अतिक्रमण होने की वजह से वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत आएगी।

दूसरे चरण में इन स्थानों पर बनेंगे स्टेशन

सेक्टर-7, सेक्टर-4, सेक्टर-5, रेलवे स्टेशन, अशोक विहार, सेक्टर-3, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23ए आदि में स्टेशन बनेंगे।

एनजीटी के दिशा-निर्देशों की अवहेलना करने पर 216 वाहन इंपाउंड



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। ट्रैफिक पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए एनजीटी एवं संबंधित सरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कुल 216 वाहनों को इंपाउंड किया गया। अभियान के तहत 1 नवंबर से 16 नवंबर तक ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहनों की जांच की तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वायु प्रदूषण पर नियंत्रण एवं सरकार तथा एनजीटी के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एंड ऑफ लाइफ वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निर्धारित नियमों के अनुसार 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल एवं 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों का एनसीआर क्षेत्र में संचालन प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त बीएस-3 एवं उससे नीचे के निर्धारित मानकों वाले वाहनों पर लागू प्रतिबंधों की भी सख्ती से पालना कराई जा रही है। गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा आमजन को सुरक्षा रथ एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी ईओएल वाहनों के संचालन से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान तथा निर्धारित नियमों की जानकारी निरंतर दी जा रही है। गुरुग्राम यातायात पुलिस वाहन चालकों से अपील करती है कि वे अपने वाहनों की आयु, ईंधन श्रेणी एवं बीएस उत्सर्जन मानकों से संबंधित सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी रखें और प्रतिबंधित वाहनों का संचालन न करें। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वायु बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

गुरुग्राम के विकास और प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च होंगे 61.10 करोड़ रुपए

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में विकास कार्यों को गति देने, कचरा प्रबंधन सुधारने और बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित वित्त एवं संविदा समिति की 11वीं बैठक में कुल 61 करोड़ 10 लाख 53 हजार रुपये के 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में निगमायुक्त डॉ. पंकज सहित सीनियर डिप्टी मेयर धर्मबीर भांगरोला, डिप्टी मेयर अनूप सिंह और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। शहर में धूल और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए समिति ने 10 हजार लीटर क्षमता वाले 16 ट्रक माउंटेड रोड वॉशर खरीदने को मंजूरी दी। इन पर दोनों क्लस्टर के लिए 8.78 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा 10 ट्रक माउंटेड एंटी-स्मॉग गन की खरीद के लिए 5.45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक क्लस्टर में पांच-पांच मशीनें लगाई जाएंगी। निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले मलबे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क और वजीराबाद में दो प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक प्लांट के लिए 6.64 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी गई है। हीरो होंडा चौक के पास एनएच-48 पर सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट विकसित करने के लिए 3.53 करोड़ रुपये तथा बेरी वाला बाग के पास कचरा संग्रहण वाहनों के पार्किंग एवं चार्जिंग स्टेशन के लिए 3.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न जोन के वार्डों में स्ट्रीट लाइटों के संचालन एवं रखरखाव से जुड़े छह प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई है।

पटौदी पुलिस का नशे के खिलाफ कड़ा प्रहार, नशीले पदार्थों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। पटौदी थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 536 ग्राम गांजा और कुल 36.16 ग्राम स्मैक बरामद की है। तीनों मामलों में पुलिस ने मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पहली कार्रवाई में पटौदी निवासी तैयूब को पटौदी-रेवाड़ी बाईपास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 536 ग्राम गांजा और 10.76 ग्राम स्मैक बरामद हुई। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने तुर्कापुर निवासी राकेश कुमार को नया गांव बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 9.41 ग्राम स्मैक बरामद हुई। वहीं, तीसरी कार्रवाई में भौकराका निवासी नीतीश कुमार को खानपुर पटौदी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 15.99 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

झुग्गियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। सेक्टर-62 की झुग्गियों में रहने वाले 32 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट वगैरह नहीं मिला है।

जानकारी अनुसार, बिहार के कटिहार जिले के फूडकीपुर गांव का रहने वाला 32 वर्षीय मोहम्मद साहेब परिवार के साथ यहां सेक्टर-62 की झुग्गियों में रहकर मजदूरी करता था। 16 नवंबर की शाम करीब 8:15 बजे मोहम्मद साहेब फंदे पर लटका मिला। उसके भाई ने सबसे पहले उसे इस हालत में देखा और परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। इसके बाद मामले की जानकारी सेक्टर-65 थाना पुलिस को दी गई। के अन्य सदस्यों को सूचना दी। घटना की जानकारी सेक्टर-65 थाना पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि मोहम्मद साहेब कभी-कभार शराब का सेवन भी करता था। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की जांच कर रहे सेक्टर-65 थाने में तैनात एएसआई जितेंद्र ने कहा कि पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठा कर सशक्त हो रहे छोटे कारोबारी

ओपन सर्च/ ब्यूरो



चंडीगढ़। छोटे कारोबारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से रेहड़ी, पटरी, ठेला और फेरी लगाकर आजीविका कमाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य छोटे कारोबारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर उन्हें अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने के अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से ऋण दिया जाता है, जिससे वे अपनी जरूरत के अनुसार कारोबार में निवेश कर सकें और अपनी आजीविका को बेहतर बना सकें।

उन्होंने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 1 जून, 2020 को की गई थी। छोटे कारोबारियों को अधिक सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से योजना की अवधि बढ़ाकर 31 मार्च, 2030 तक कर दी गई है। इसके साथ ही योजना के तहत ऋण की पहली और दूसरी किस्त की सीमा में भी वृद्धि की गई है। अब पहली किस्त के तहत 10,000 रुपये के स्थान पर 15,000 रुपये तक और दूसरी किस्त के तहत 20,000 रुपये के स्थान पर 25,000 रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। वहीं, तीसरी किस्त के तहत 50,000 रुपये तक का ऋण दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत ऋण सहायता मिलने से स्ट्रीट वेंडर्स अपने कारोबार के लिए जरूरी सामान खरीदने, व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने और कामकाज का विस्तार करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को अगली किस्त के तहत ऋण प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

इस प्रकार योजना छोटे कारोबारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के साथ-साथ स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने और उनकी आजीविका को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

असम और हरियाणा के अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम करेंगे परस्पर सहयोग एवं समन्वय

- असम राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के प्रतिनिधिमंडल ने किया हरियाणा मुख्यालय का दौरा

ओपन सर्च/ ब्यूरो



चंडीगढ़। असम राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के उपाध्यक्ष श्री सिमंता दास एवं निदेशक मंडल के सदस्यों ने आज हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के मुख्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री बलदेव सिंह ग्रोहा, प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना दिसोदिया तथा निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान दोनों निगमों के प्रतिनिधियों के बीच अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र लाभार्थियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं के संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में स्वरोजगार, उद्यमिता विकास तथा नए व्यवसाय स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के विभिन्न उपायों पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त, ऋण वितरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने तथा वितरित ऋणों की समयबद्ध एवं प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जा सकने वाली रणनीतियों पर भी दोनों पक्षों ने अपने अनुभव साझा किए। दोनों निगमों के प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे की योजनाओं, कार्यप्रणाली एवं सफल प्रयासों से सीख लेते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में आपसी सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

पंचकूला के एग्रोमॉल में कार्यालय उपयोग के लिए दुकानें किराये पर उपलब्ध

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सेक्टर-20, पंचकूला स्थित एग्रोमॉल भवन में सरकारी विभागों, बोर्डों एवं निगमों के कार्यालय उपयोग के लिए दुकानें किराये पर उपलब्ध हैं। इच्छुक विभाग, बोर्ड एवं निगम अपनी आवश्यकता के अनुसार 40 रुपये प्रति वर्गफुट की दर से इन दुकानों को किराये पर ले सकते हैं। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार, एग्रोमॉल भवन के भूतल पर छोटी एवं बड़ी कुल 71 दुकानें उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 1,577.32 वर्गमीटर है। इसके अतिरिक्त, भवन की तीसरी मंजिल पर 20 दुकानें उपलब्ध हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 1,206.67 वर्गमीटर है। इच्छुक विभाग, बोर्ड एवं निगम कार्यालय उपयोग के लिए इन दुकानों को किराये पर लेने हेतु सीधे हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला से संपर्क कर सकते हैं।

लोडिंग ऑटो चोरी के आरोप में पकड़े गए आरोपी से दो बाइक भी बरामद

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। गुरुग्राम पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लोडिंग ऑटो चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लोडिंग ऑटो और दो बाइक भी बरामद की हैं। एक व्यक्ति ने थाना बादशाहपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 सितंबर 2025 को वाटिका चौक, बादशाहपुर के नजदीक से उसका लोडिंग ऑटो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में सोहना क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए 16 नवंबर को सोहना-तावडू रोड से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान पवन निवासी गांव रेहपुवा, जिला नूंह (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने गुरुग्राम क्षेत्र में वाहन चोरी की दो अन्य वारदातों को भी अंजाम देने की बात स्वीकार की है। आरोपी के खिलाफ जिला पलवल में भी चोरी के तीन मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लोडिंग ऑटो (ऑटो ट्रक) और दो बाइक बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की गहनता से जांच कर रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

जीरो वेस्ट व पॉलीथीन मुक्त होगा मेले का आयोजन- मुख्य मेला प्रशासक प्रीति

हिंद दी चादर और ड्रोन शो होंगे मुख्य आकर्षण के केन्द्र

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। महर्षि वेद व्यास की कर्मस्थली व्यासपुर स्थित तीर्थराज कपालमोचन में 20 नवंबर को श्री कपालमोचन-श्री आदिबद्री मेले, प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत उद्घाटन करेंगे तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य मेला प्रशासक एवं उपायुक्त प्रीति ने बताया कि 20 से 24 नवंबर 2026 तक यमुनानगर में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक अंतरराज्यीय श्री कपालमोचन-श्री आदिबद्री मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर जिले के प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की गई हैं। मेले में पूर्ण सहयोग करने तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि इस बार मेले को आकर्षक बनाने के लिए पहले दिन 20 नवंबर को प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। हिंद दी चादर कार्यक्रम के साथ लाइट एंड ड्रोन शो माध्यम से मेले को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से रूबरू करवाया जाएगा।

पॉलीथिन मुक्त एवं जीरो वेस्ट मेले में करें सहयोग

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त शौचालय, मेडिकल स्टॉल तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आदिबद्री एवं लोहगढ़ तक भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। मेला प्रशासक ने कहा कि मेले के दौरान और समापन के बाद सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए कर्मियों की विशेष टीम एनएसएस व स्वयं सेवकों की टीमों को भी लगाया गया है। प्रशासन द्वारा मेले के समापन के बाद विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि मेला परिसर को स्वच्छ रखा जा सके।

उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मेले को जीरो वेस्ट एवं पॉलीथिन मुक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का इस्तेमाल न करें तथा इसके स्थान पर कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल मेला आयोजित करना प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक श्रद्धालु की भी जिम्मेदारी है।

भंडारे एवं पानी की सेवा के लिए प्रशासन से करें संपर्क

उपायुक्त ने बताया कि जो श्रद्धालु भंडारे एवं पानी की सेवा तथा स्टॉल के लिए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा तथा एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह से संपर्क कर सकते हैं। लंगर की गाडिय़ों के लिए विशेष सुविधा पास जारी किए जाएंगे। लंगर सामग्री छोडऩे के बाद गाडिय़ों को वापस निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करना होगा, ताकि मेले में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

स्वामित्व योजना के तहत गांवों के लाल डोरे में स्थित भूखंडों का रिकॉर्ड होगा व्यवस्थित और पारदर्शी : डीसी उत्तम सिंह

ग्राम पंचायत घर, ग्राम सचिवालय अथवा गांव के प्रमुख स्थल पर प्लॉट नंबर सहित प्रदर्शित किया जाएगा नक्शा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। स्वामित्व योजना के तहत जिले के गांवों के आबादी देह (लाल डोरा) क्षेत्रों में स्थित भूखंडों के मालिकाना हक का रिकॉर्ड व्यवस्थित, प्रमाणिक और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीसी उत्तम सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग तथा विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त बैठक कर इस पूरी प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार की। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्रामीणों को जागरूक करने और निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार रिकॉर्ड तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीणों के संपत्ति संबंधी अधिकारों को स्पष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य आबादी देह क्षेत्रों में स्थित भूखंडों के मालिकाना हक का सही रिकॉर्ड तैयार करना और भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों की संभावनाओं को कम करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति के अधिकार प्रभावित न हों। डीसी उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के प्रत्येक चरण की जानकारी गांवों में मुनादी करवाकर ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया में भागीदारी कर सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जाए और उनकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिला राजस्व अधिकारी राकेश सैनी ने बैठक में उपस्थित सभी संबंधित तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के तहत निर्धारित मानकों एवं एसओपी के अनुरूप पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांवों में भूखंडों के नक्शे प्रदर्शित करने, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने तथा उनके निस्तारण से जुड़े सभी कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किए जाएं। इस दौरान पंचायत एवं विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नवनीत कौर ने बैठक में योजना की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत सबसे पहले प्रत्येक गांव में पंचायत घर, ग्राम सचिवालय अथवा गांव के किसी प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर लाल डोरे के भीतर स्थित सभी भूखंडों का प्लॉट नंबर सहित नक्शा प्रदर्शित किया जाएगा। नक्शा प्रदर्शित होने के बाद ग्रामीणों को उसका अवलोकन करने तथा अपने भूखंडों से संबंधित विवरण की जांच करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान 90 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे, ताकि रिकॉर्ड में किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति होने पर उसे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दूर किया जा सके।

उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त होने के बाद निर्धारित एसओपी के तहत ग्राम स्तर पर गठित कमेटी उनकी जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट संबंधित तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इसके बाद तहसीलदार के स्तर पर उपलब्ध तथ्यों, दस्तावेजों और कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस प्रकार पूरी प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा और नियमों के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रज रस गौ सेवा समिति (रजि.) गुरुग्राम द्वारा गोकुल धाम गौ सेवा महातीर्थ, झज्जर का भ्रमण



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। ब्रज रस गौ सेवा समिति (पंजीकृत) गुरुग्राम द्वारा गौ माता के प्रति भक्ति भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समिति के लगभग 50 सदस्यों ने गोकुल धाम गौ सेवा महातीर्थ, झज्जर का भ्रमण किया। इस अवसर पर समिति को गुरुजी पंडित मनमोहन बृजवासी जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

समिति के महासचिव विजय अग्रवाल ने बताया कि आज से 14 वर्ष पूर्व श्री सुनील निमाणा जी ने इस गौ चिकित्सालय की स्थापना की थी, जो आज बढ़कर देश में 10 शाखाओं के रूप में अत्याधुनिक गौ चिकित्सालयों के रूप में कार्य कर रही है। यह स्थान किसी तीर्थ से कम नहीं है, जहाँ हजारों गौ वंश का नि:स्वार्थ भाव से उपचार किया जाता है। गौशाला के संचालक श्री सुनील निमाणा जी ने स्वयं सभी सदस्यों को गौशाला की परिक्रमा करवाई और गौ सेवा व उपचार हेतु उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। यह वास्तव में एक शानदार और अद्वितीय चिकित्सालय है, जहाँ गौ माता के अतिरिक्त घायल बंदर, कुत्ते, बिल्ली तथा मोरों का भी उपचार किया जाता है। समिति के प्रधान श्री अजय मंगला ने बताया कि प्रति वर्ष हम यहाँ चारे और दवाईयों के रुप में सहयोग करते आ रहे हैं। हमारी कोशिश है कि अधिक से अधिक लोग गौसेवा से जुड़ें।

इस अवसर पर समिति की ओर से एक लाख रुपये की दवाइयाँ भेंट की गईं। साथ ही सदस्यों ने अपनी श्रद्धा अनुसार कुल 32,000 रुपये की नकद राशि भेंट की। यह समस्त राशि गौ सेवा हेतु श्री निमाणा जी को समर्पित की गई। अगले सप्ताह समिति द्वारा 50,000 रुपये का चेक भी भेजा जाएगा। श्री सुनील निमाणा जी ने समिति के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

भ्रमण में समिति के चेयरमैन श्री राजवीर यादव, प्रधान श्री अजय मंगला, महासचिव श्री विजय अग्रवाल, सह-सचिव श्री राजेश शर्मा सहित महिला मंडल प्रधान श्रीमती उषा भारद्वाज, महासचिव श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल सहित लगभग 50 सदस्य सम्मिलित रहे। परिक्रमा के उपरांत सभी के लिए भोजन-प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने चूल्हे पर सिकी मक्का व बाजरे की रोटियों का गाय के ताजे मक्खन के साथ आनंद लिया। अन्त में सुनील जी ने सब को गोमय से बनी सुन्दर धुपबत्ती उपहार स्वरूप भेंट की। इस पवित्र गौसेवा हेतु सुखद और आनंददायक यात्रा की सभी सदस्यों ने दिल से सराहना की।

जिला में उचित मूल्य की 145 रिक्त दुकानों के लाइसेंस के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई, अब 25 नवंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन : केके गोयल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक केके गोयल ने बताया कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में उचित मूल्य की रिक्त दुकानों (फेयर प्राइस शॉप) के लाइसेंस जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 25 नवंबर 2026 कर दी गई है। इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में ऐसी दुकानों की संख्या 145 है।

के के गोयल ने बताया कि इस ऑनलाइन आवेदन पोर्टल का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा 10 अक्टूबर 2026 को किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं पात्र परिवारों, विशेषकर उन क्षेत्रों में रहने वाले

- **हरियाणा सरकार की पहल से युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान**

लोगों तक राशन की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जहां वर्तमान में उचित मूल्य की दुकानें दूर स्थित हैं। इसके साथ ही युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करना तथा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना भी इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। केके गोयल ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र आवेदक अब 25 नवंबर 2026 तक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल https://saralharyana.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता शर्तें एवं आवेदन प्रक्रिया विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://haryanafood.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त रिक्त उचित मूल्य की दुकानों का जिला एवं ग्रामवार विवरण भी विभागीय वेबसाइट तथा जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है।

उन्होंने सभी इच्छुक एवं पात्र आवेदकों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। आवेदन करने से पहले निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं पात्रता शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा संशोधित अंतिम तिथि 25 नवंबर 2026 से पहले सरल पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन अवश्य जमा करवाएं।

कड़ाके की ठंड में बेसहारा लोगों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय, गुरुग्राम में 6 स्थानों पर शुरू हुए रैन बसेरे

रैन बसेरों में साफ एवं नए बिस्तरों के साथ शौचालय, गर्म पानी और चाय की होगी व्यवस्था, कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सर्दी के मौसम में बेसहारा, बेघर एवं जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में 6 स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन शुरू कर दिया है। इन रैन बसेरों में इस बार साफ एवं नए बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, प्रत्येक रैन बसेरे में कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि यहां आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। इसके अतिरिक्त जरूरतमंदों को रैन बसेरों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर सूचना बोर्ड भी लगाए गए हैं। रैन बसेरों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. पंकज ने अतिरिक्त निगमायुक्त पूजा चांवरिया को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है। निगमायुक्त ने रैन बसेरों में शौचालय, गर्म पानी और चाय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि ठंड के मौसम में आश्रय लेने वाले लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

शहर में 6 स्थानों पर उपलब्ध कराया गया सुरक्षित आश्रय

नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 6 स्थानों पर रैन बसेरे शुरू किए गए हैं। इनमें महावीर चौक, कादीपुर, सेक्टर-4/7 चौक भीमनगर, दरबारीपुर रोड, कन्हई व राजीव चौक शामिल हैं। इन रैन बसेरों के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले बेघर एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है।

साफ एवं नए बिस्तरों की व्यवस्था, कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी: इस बार रैन बसेरों में बिस्तरों की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी रैन बसेरों में साफ एवं नए बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि आने वाले लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में मदद मिल सके।

शौचालय, गर्म पानी और चाय की सुविधा के निर्देश

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शौचालय, गर्म पानी और चाय आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सर्दी के दौरान अधिक सुविधाजनक एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है।

कथा को लेकर दुष्प्रचार करने वालों को दिया जवाब

राव नरबीर सिंह ने कहा कि आजकल कुछ विरोधी लोग दुष्प्रचार करने में जुटे हुए हैं कि राव नरबीर सिंह ने शिव महापुराण की कथा बंद करा दी। उन्होंने कहा कि वह जब चार वर्ष के थे तभी से पूजा पाठ कर रहे हैं। बचपन से लेकर आज तक अन्न का दाना तब तक नहीं खाते जब तक पूजा नहीं कर लेते। उनके विरोधियों को और कोई मुद्दा नहीं मिला तो झूठ ही बोलना शुरू कर दिया। राव नरबीर सिंह ने मीडिया के समक्ष साक्ष्य रखे कि महापुराण कथा के आयोजकों ने ही संदेश जारी किया था कि जलभराव के कारण कथा नहीं हो रही है और अब दुष्प्रचार करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म को लेकर दुष्प्रचार करने वालों को ईश्वर कभी माफ नहीं करता।

- **बेहतर व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए अतिरिक्त निगमायुक्त पूजा चांवरिया को बनाया नोडल अधिकारी**

खुले में घूमने वाले पशुओं से मुक्त होगा गुरुग्राम, एमसीजी के अभियान ने पकड़ी रफ्तार, एक दिन में 27 पशु पकड़े

सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं की समस्या दूर करने के लिए नगर निगम की विशेष मुहिम जारी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज


गुरुग्राम। शहर की सड़कों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुले में घूमने वाले पशुओं की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ने गति पकड़ ली है। निगम की टीमें लगातार विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई कर खुले में घूम रहे पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशालाओं एवं नंदीशालाओं में पहुंचा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम की टीमों ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 27 पशुओं को पकड़कर सुरक्षित आश्रय स्थलों में भिजवाया। अभियान का उद्देश्य गुरुग्राम की सड़कों, बाजारों, रिहायशी क्षेत्रों और अन्य सार्वजनिक स्थानों को खुले में घूमने वाले पशुओं से मुक्त बनाना है, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि खुले में घूमने वाले पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए संबंधित टीमों को नियमित रूप से विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाने और सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं के खुले में घूमने से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी चुनौतियां पैदा होती हैं। विशेषकर व्यस्त सड़कों पर अचानक पशुओं के आ जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नगर निगम का प्रयास है कि इस समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले पशुओं को सुरक्षित तरीके से गौशालाओं एवं नंदीशालाओं में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुओं को पकड़ने और उन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लगातार जारी रखा जाएगा।

पार्षद की संतुष्टि के बिना नहीं होगा विकास कार्यों का भुगतान

-सफाई कर्मचारियों की भी होगी औचक जांच

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम में विकास कार्यों की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था को लेकर अब जवाबदेही और बढ़ने जा रही है। निगमायुक्त डॉ. पंकज ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दो महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। अब बागवानी, विकास कार्यों और नालों व सीवर लाइनों की सफाई के भुगतान से पहले संबंधित वार्ड पार्षद से संतुष्टि प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। इसके अलावा पार्षद अपने वार्ड में सुबह और शाम सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का मौके पर सत्यापन भी कर सकेंगे। निगमायुक्त के आदेशानुसार, बागवानी, विकास कार्यों तथा नालों एवं सीवर लाइनों की सफाई से संबंधित भुगतान फाइलों को संबंधित वार्ड पार्षद की संतुष्टि रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे भेजा जाएगा। पार्षद को प्रमाणित करना होगा कि उनके वार्ड में संबंधित कार्य निर्धारित गुणवत्ता और अपेक्षाओं के अनुरूप संतोषजनक ढंग से पूरा हुआ है। इस व्यवस्था से अधूरे और गुणवत्ताहीन कार्यों पर निगरानी मजबूत होगी। दूसरे आदेश के तहत नियमित और आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन संबंधित वार्ड पार्षद कर सकेंगे। पार्षद अपनी इच्छानुसार सुबह और शाम की शिफ्ट में मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों की उपस्थिति जांच सकेंगे। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि कर्मचारी वास्तव में अपने निर्धारित कार्यस्थल पर ड्यूटी कर रहे हैं। निगमायुक्त ने वरिष्ठ सफाई निरीक्षकों को पार्षदों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा जरूरत पडने पर उपस्थिति रजिस्टर और कर्मचारियों का रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। समन्वय में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

विकास कार्यों के भुगतान से पहले पार्षद से लिया जाएगा संतुष्टि प्रमाण पत्र, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का भी होगा मौके पर सत्यापन : निगमायुक्त

नगर निगम गुरुग्राम में विकास एवं रखरखाव कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ पंकज ने शहर में विकास एवं रखरखाव कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, सफाई व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की दिशा में दो महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत अब बागवानी कार्यों, विकास कार्यों, नालों एवं सीवर लाइनों की सफाई से संबंधित भुगतान करने से पहले संबंधित वार्ड पार्षद से कार्य संतोषजनक ढंग से पूरा होने की रिपोर्ट प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही सभी वार्डों में तैनात नियमित एवं आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का संबंधित वार्ड पार्षद द्वारा मौके पर सत्यापन भी किया जा सकेगा।

पार्षद की संतुष्टि रिपोर्ट के बाद ही होगा कार्यों का भुगतान

निगमायुक्त द्वारा मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, बागवानी कार्यों, विकास कार्यों तथा नालों एवं सीवर लाइनों की सफाई से संबंधित सभी भुगतान फाइलों को संबंधित वार्ड पार्षद से संतुष्टि रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद ही आगे की प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। संबंधित पार्षद द्वारा यह रिपोर्ट दी जाएगी कि उनके वार्ड अथवा क्षेत्र में संबंधित कार्य संतोषजनक ढंग से पूरा किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निगम द्वारा जिन कार्यों के लिए भुगतान किया जा रहा है, वे वास्तव में निर्धारित गुणवत्ता एवं अपेक्षाओं के अनुरूप पूरे हुए हों। निगमायुक्त ने अतिरिक्त आयुक्तों, सभी संयुक्त आयुक्तों, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंताओं, कार्यकारी अभियंताओं, सहायक अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने जोन एवं वार्ड से संबंधित भुगतान फाइलों की प्रक्रिया में इन आदेशों का विशेष ध्यान रखें।

सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का पार्षद कर सकेंगे भौतिक सत्यापन: शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जारी एक अन्य आदेश के तहत नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के सभी वार्डों में तैनात नियमित एवं आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का संबंधित वार्ड पार्षद द्वारा मौके पर सत्यापन किया जा सकेगा। आदेश के अनुसार, संबंधित पार्षद अपनी इच्छा के अनुसार सुबह और शाम की शिफ्ट के दौरान सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच कर सकेंगे। इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि वार्डों में तैनात सफाई कर्मचारी वास्तव में अपने निर्धारित कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

वरिष्ठ सफाई निरीक्षक की होगी जवाबदेही: आदेश में संबंधित जोन/वार्ड के वरिष्ठ सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वे वार्ड पार्षद के साथ समन्वय स्थापित करें और आवश्यकता पड़ने पर उपस्थिति रजिस्टर तथा कर्मचारियों का रिकॉर्ड समय पर पार्षद के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ सफाई निरीक्षक को इस पूरी प्रक्रिया में सहयोग एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि समन्वय में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से मजबूत होगी निगरानी व्यवस्था

निगमायुक्त डॉ पंकज ने कहा कि इन आदेशों का उद्देश्य विकास कार्यों और सफाई व्यवस्था की निगरानी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। संबंधित वार्ड पार्षद अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यों की स्थिति से परिचित होते हैं। ऐसे में उनकी संतुष्टि रिपोर्ट के आधार पर भुगतान प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति के भौतिक सत्यापन से वार्ड स्तर पर सफाई व्यवस्था की निगरानी अधिक प्रभावी हो सकेगी।

सुरक्षित यातायात के लिए जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश लेकर प्रमुख चौराहों पर पहुंचा गुरुग्राम यातायात पुलिस का सुरक्षा रथ; 100 वाहन चालकों एवं नागरिकों को किया जागरूक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। सड़क पर सुरक्षित सफर केवल यातायात नियमों की जानकारी से नहीं, बल्कि उनके प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ पालन करने से संभव है। इसी उद्देश्य से गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षा रथ के माध्यम से शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों और आम नागरिकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अंबेडकर चौक (सोहना), ट्यूलिप चौक एवं घाटा पावर हाउस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 100 वाहन चालकों एवं नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सड़क पर होने वाली लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से रॉन्ग साइड ड्राइविंग, निर्धारित लेन का पालन न करना, अवैध पार्किंग एवं सड़क पर अनुचित तरीके से वाहन रोकने जैसी गतिविधियों से बचने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ऑटो, टैक्सी एवं ई-रिक्शा चालकों को भी यातायात व्यवस्था बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें हाईवे पर सर्विस लेन का उपयोग करने तथा अन्य सड़कों पर बाईं ओर की लेन में वाहन चलाने, अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़ा न करने और निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही सवारियों को बैठाने एवं उतारने के निर्देश दिए गए। साथ ही समझाया गया कि सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन रोकने से यातायात बाधित होता है और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

गुरुग्राम यातायात पुलिस का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों में ऐसा जिम्मेदार सड़क व्यवहार विकसित करना भी है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो और शहर में यातायात का संचालन सुगम एवं व्यवस्थित बना रहे। सुरक्षा रथ के माध्यम से यह जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

प्रदूषण नियंत्रण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मानेसर में जीरो टॉलरेंस पर होगी कार्रवाई : आयुक्त प्रदीप सिंह

- औद्योगिक कचरा खुले में डालने वाली गाड़ियों पर होगा अधिकतम राशि का चालान, वाहन किए जाएंगे जब्त

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



मानेसर। मानेसर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए नगर निगम मानेसर ने सख्त रूख अपनाया है। एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन(सीएक्यूएम) के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए निगम आयुक्त प्रदीप सिंह ने मंगलवार को निगम अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को युद्धस्तर पर काम करते हुए ग्रेप की पाबंदी में निर्माण गतिविधियों, खुले में कूड़ा डालने और कूड़े में आग लगाने जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगानी होगी। आयुक्त प्रदीप सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए निगम क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस की निती अपनाई जाए। खुले में कचरा डालने, कूड़ा जलाने और निर्माण गतिविधियों के माध्यम से धूल फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल कागजी आदेशों से संभव नहीं है, बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों को धरातल पर उतरकर नियमित निगरानी करनी होगी। वे स्वयं निगम क्षेत्र में औचक निरीक्षण करेंगे। प्रत्येक अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए। बैठक में आयुक्त ने विशेष तौर पर सफाई व्यवस्था और सैनिटेशन विंग की कार्यप्रणाली पर जोर दिया। उन्होंने सहायक सफाई निरीक्षकों को आदेश किए कि वे अपने-अपने वार्डों और गांवों में टीम के साथ प्रतिदिन कम से कम तीन बार गश्त करें। इस दौरान खुलें में पड़े कूड़े, कचरे में आग लगाने की घटनाओं और निर्माण मलबे और सड़कों के किनारे जमा धूल और मिट्टी की स्थिति पर विशेष नजर रखें। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी क्षेत्र में सफाई या प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कमी मिलने पर संबंधित सहायक सफाई निरीक्षक स्वयं जिम्मेदार होंगे। आयुक्त ने कहा कि निगम क्षेत्र में मलबा, सॉलिड वेस्ट और सड़कों एवं गलियों के किनारे जमा धूल और रेत की डीप क्लीनिंग करवाई जाए। आयुक्त ने निगम की सभी वार्डों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष टीमों का गठन करने के निर्देश भी दिए। प्रत्येक वार्ड के लिए गठित टीम में इंजीनियरिंग विंग के अधिकारी नोडल अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में नियमित और औचक निरीक्षण करते हुए प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं। औद्योगिक कचरे के खुले में निस्तारण को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक कचरे को खुले स्थानों, खाली प्लॉटों और सड़कों के किनारे डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई वाहन औद्योगिक कचरा खुले में डालता हुआ पकड़ा जाता है तो उसका अधिकतम चालान किया जाए। साथ ही संबंधित वाहन को जब्त करके आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को लिखित में सूचित किया जाए। बैठक में संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, दर्शन यादव, एक्सईएन मंदीप धनखड़, सुशील ठाकरान, वासु बग्गन, निजेश, एसडीओ अनिल मलिक, विकास शर्मा, रविंद्र दहिया, शशिकांत, अमन राठी, संजय बंसल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बहुत हुआ पत्राचार आश्वासन बेशुमार,

डेढ़ दशक से उपमंडल के लिये जनता करे पुकार, प्रदेश सरकार को नही कोई सरोकार

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



फरुखनगर। ऐतिहासिक शहर फरुखनगर उपमंडल गठन की मांग पिछले डेढ़ दशक से निरंतर आवाज उठाई जा रही है। अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण विषय है कि इतने लंबे समय में सरकारें बदलीं, जनप्रतिनिधि बदले, घोषणायें हुईं, पत्राचार हुआ, आश्वासन दिए गए, लेकिन फरुखनगर क्षेत्र की जनता को आज तक उसका जायज अधिकार नहीं मिला। यह स्थिति सरकार की प्रशासनिक प्राथमिकताओं और क्षेत्र के विकास के प्रति नकारात्मक सोच और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर जे तंवर एवं फरुखनगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील यादव ने ब्लॉक कार्यालय में मीडिया मंत्रणा आयोजित की। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर राष्ट्र और प्रदेश के पत्रकारों एवं छायाकारों को शुभकामनायें प्रेषित करने के पश्चात सुखबीर जे तंवर ने कहा कि फरुखनगर केवल एक शहर नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और व्यापारिक पहचान रखने वाला व्यापक क्षेत्र है। इसके आसपास दर्जनों गांवों की आबादी आज भी प्रशासनिक कार्यों के लिए पटौदी के चक्कर लगाने को मजबूर है। इससे जन सामान्य का समय, श्रम और धन अनावश्यक रूप से बर्बाद होता है। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और गरीब परिवारों को सरकारी कामकाज के लिए भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। डेढ़ दशक तक निरंतर मांग, जनप्रतिनिधियों की संस्तुति के साथ सरकारों के साथ निरंतर पत्राचार और बार बार आश्वासन इस बात का प्रमाण है कि फरुखनगर की जनता लगातार अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रही है। दुःखद पहलू यह है की बादशाहपुर के वर्तमान एवं पूर्व विधायक और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह और पटौदी की पूर्व एवं वर्तमान विधायक बिमला चौधरी को फरुखनगर क्षेत्र की जनता ने व्यापक जन समर्थन देकर 2014 और 2024 में प्रदेश की विधानसभा का सदस्य बनाया लेकिन दोनों जनप्रतिनिधि फरुखनगर क्षेत्र के प्रति अपने राजनीतिक और प्रशासनिक कर्तव्य का निर्वहन करने मे पूर्णतया विफल रहे हैं। सुनील यादव ने कहा की प्रदेश सरकार के स्तर पर निरंतर जन सामान्य की अपेक्षाओं पर कुठाराघात हो रहा है। फरुखनगर क्षेत्र ने प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, व्यापारिक और कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन विकास और प्रशासनिक सुविधाओं के मामले में क्षेत्र को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली। क्षेत्र में सरकारी एवं परिवहन व्यवस्था नदारद है। राजकीय कन्या उच्चतर विद्यालय का भवन निर्माण की बाट जोह रहा है और अस्थायी व्यवस्था पर चल रहा है। फरुखनगर उपमंडल का गठन न केवल स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सुविधायें उपलब्ध होंगी, बल्कि रोजगार, व्यापार, शिक्षा, परिवहन और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। प्रश्न यह भी उठता है कि जब प्रदेश में नए प्रशासनिक ढांचे का गठन और विस्तार किया जा रहा है, फिर डेढ़ दशक से फरुखनगर क्षेत्र की प्रमुख मांग पर निर्णय लेने में इतनी देरी क्यों हो रही है?

जिले में अवैध खनन व खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रशासन की सख्ती, 11.72 लाख रुपये की पेनल्टी वसूली : अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिले में अवैध खनन तथा खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल मेंआयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलटीएफसी) की बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपाय की ज्योति ने बताया कि अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त कुल 25 वाहनों को पकड़कर जब्त किया गया है। इन वाहनों से संबंधित मामलों में कुल 11 लाख 72 हजार 140 रुपये की पेनल्टी वसूल की गई है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए 25 वाहनों में 16 वाहन बिना ई-रवाना के खनिजों का परिवहन करते हुए पकड़े गए, जबकि 9 वाहन अंतरराज्यीय परिवहन पास (आईएसटीपी) से संबंधित नियमों के उल्लंघन के मामलों में पकड़े गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखें। उन्होंने विशेष रूप से अवैध खनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने खनन विभाग, वन विभाग तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नूंह के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अवैध खनन संभावित क्षेत्रों का संयुक्त रूप से दौरा करें तथा मौके पर स्थिति का जायजा लेकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच आपसी समन्वय और नियमित निरीक्षण से अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन और खनिजों का नियमों के विरुद्ध परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों से प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं और अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल संयुक्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर एसडीएम नूंह कुंवर आदित्य विक्रम, एसडीएम तावडू जितेन्द्र कुमार, सचिव आरटीए मुनीष सहगल, डीएसपी अभिमन्यु लोहान, जिला नगर योजनाकार बिनेश कुमार, जिला खेल अधिकारी भूषण कुमार व सहायक खनन अभियंता नीरज कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत 1 दिसंबर से जिले के सभी स्कूलों में चलाया जाएगा विशेष जागरूकता अभियान : नेहा गुप्ता

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), नूंह के एडीआर सेंटर में जिले के सीनियर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के दो-दो शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा गुप्ता ने शिक्षकों को सुरक्षित बचपन अभियान के उद्देश्यों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। नेहा गुप्ता ने बताया कि सुरक्षित बचपन अभियान के तहत 1 दिसंबर 2026 से 30 नवंबर 2027 तक जिले के प्रत्येक स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा विभिन्न प्रकार के शोषण से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन को सुरक्षित बनाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह विद्यार्थियों तक सही जानकारी पहुंचाए और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करे। बैठक के दौरान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी विशेष चर्चा की गई। शिक्षकों को बताया गया कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, भविष्य और मौलिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर साइबर अपराध, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), बच्चों के लिए विशेष इकाई, पैनल अधिवक्ताओं तथा एमएमडी ऑफ इंडिया गैर-सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों ने भी शिक्षकों को बच्चों की सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, बाल अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। नेहा गुप्ता ने कहा कि स्कूल बच्चों में जागरूकता फैलाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। शिक्षक यदि विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी देंगे, तो बच्चे स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। उन्होंने सभी शिक्षकों से सुरक्षित बचपन अभियान को गंभीरता से लेते हुए स्कूलों में निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया।

100 वर्षीय वयोवृद्ध पूर्व सैनिक सूबेदार शेर सिंह का निधन, पूरे सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

1962 और 1971 के युद्धों में दिया था अहम योगदान; सेना व प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

ओपन सर्च/नरेश शर्मा





गुरुग्राम। क्षेत्र के गांव जोड़ी कलां निवासी वयोवृद्ध भूतपूर्व सैनिक सूबेदार शेर सिंह का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के श्मशान घाट में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और पूर्व सैनिकों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।

28 वर्षों तक की मां भारती की सेवा

सूबेदार शेर सिंह ने भारतीय सेना की आर्टिलरी (तोपखाना) रेजिमेंट में लंबे समय तक सेवाएं दीं। वे 11 जून 1945 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और करीब 28 वर्षों के गौरवशाली कार्यकाल के बाद 15 दिसंबर 1973 को सेवानिवृत्त हुए। अपने सैन्य जीवन के दौरान उन्होंने 1962 और 1971 की ऐतिहासिक लड़ाइयों सहित कई प्रमुख सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी वीरता और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें विभिन्न सैन्य पदकों और सम्मानों से नवाजा गया था।

सैन्य व प्रशासनिक अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

अंतिम संस्कार के दौरान सेना की टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सतीश, कैप्टन चंदन, सूबेदार राजेंद्र और पटौदी के नायब तहसीलदार मोहम्मद खान ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि सूबेदार शेर सिंह का जीवन देशसेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की एक मिसाल रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

एकादशी पर रेलवे चलाएगा दिल्ली सराय रोहिल्ला-रींगस के बीच विशेष अनारक्षित एक्सप्रेस ट्रेन

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



दिल्ली/रेवाड़ी। एकादशी के अवसर पर यात्रियों एवं खाटूश्यामजी जाने वाले श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने दिल्ली सराय रोहिल्ला (DEE) से रींगस (RGS) के बीच विशेष अनारक्षित एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 04472/04471 दिल्ली सराय रोहिल्ला–रींगस–दिल्ली सराय रोहिल्ला एकादशी अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा। योगिन्द्र चौहान ने बताया कि एकादशी के अवसर पर खाटूश्यामजी जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होती है। ऐसे में रेलवे द्वारा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय यात्रियों के लिए राहत भरा कदम है। इस ट्रेन के संचालन से दिल्ली, गुरुग्राम, पटौदी रोड, रेवाड़ी और नारनौल सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को रींगस तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। पटौदी रोड स्टेशन पर ठहराव होने से जाटौली मंडी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को भी विशेष लाभ मिलेगा।

ट्रेन का संचालन और तारीख

रेलवे द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों दिशाओं में ट्रेन चार-चार फेरे लगाएगी।

- ट्रेन संख्या 04472 (दिल्ली सराय रोहिल्ला से रींगस): 18 नवंबर से 21 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन।
- ट्रेन संख्या 04471 (रींगस से दिल्ली सराय रोहिल्ला): 19 नवंबर से 22 नवंबर 2026 तक प्रतिदिन।

ट्रेन संख्या 04472 का समय

दिल्ली सराय रोहिल्ला से रींगस स्टेशन। आगमन। प्रस्थान

दिल्ली सराय रोहिल्ला। —। 19:10
दिल्ली कैंट। 19:30। 19:32
गुरुग्राम। 19:48। 19:50
पटौदी रोड। 20:05। 20:07
रेवाड़ी। 22:00। 22:10
नारनौल। 23:00। 23:03
नीम का थाना। 23:43। 23:45
रींगस। 00:40। —

ट्रेन संख्या 04471 का समय

रींगस से दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन। आगमन। प्रस्थान

रींगस। —। 02:00
नीम का थाना। 02:40। 02:42
नारनौल। 03:20। 03:22
रेवाड़ी। 04:55। 05:05
पटौदी रोड। 05:20। 05:22
गुरुग्राम। 05:48। 05:50
दिल्ली कैंट। 06:05। 06:07
दिल्ली सराय रोहिल्ला। 06:30। —

18 डिब्बों के साथ चलेगी विशेष ट्रेन

योगिन्द्र चौहान के मुताबिक इस विशेष ट्रेन में कुल 18 आईसीएफ कोच होंगे। इनमें 16 सामान्य श्रेणी के कोच तथा 2 एसएलआर कोच शामिल हैं।

इस विशेष ट्रेन का पटौदी रोड रेलवे स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ठहराव निर्धारित किया गया है। दिल्ली से रींगस जाते समय ट्रेन रात 8:05 बजे पटौदी रोड पहुंचेगी और 8:07 बजे रवाना होगी। वहीं वापसी में सुबह 5:20 बजे पहुंचेगी तथा 5:22 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगी।

बैंकर्स क्लब इंडिया फाउंडेशन द्वारा गाँव पातली में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

फर्रुखनगर। बैंकर्स क्लब इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पातली, ब्लॉक फर्रुखनगर, जिला गुरुग्राम में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, युवाओं को सरकारी बैंकिंग योजनाओं और डिजिटल युग में सुरक्षित लेन-देन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में *कार्यक्रम समन्वयक जाहिद खान* ने 'AI लक्ष्मी' के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि AI लक्ष्मी एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वित्तीय सहायक है, जो ग्रामीणों को उनकी भाषा में बैंकिंग योजनाओं को समझने में मदद करती है। जाहिद खान ने कहा, _"अब गाँव के लोगों को बैंक के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। AI लक्ष्मी के माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे जान सकता है कि कौन सी सरकारी योजना उसके लिए सही है, खाता कैसे खोलना है, लोन के लिए कौन से कागज चाहिए।"_ इसी क्रम में *हरियाणा ग्रामीण बैंक की शाखा प्रबंधक नेहा जी* ने ग्रामीणों को बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और अन्य बचत योजनाओं के लाभ बताए और कहा कि मात्र ₹20 और ₹436 के मामूली सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये तक का सुरक्षा कवच मिलता है। कार्यक्रम के अंत में *FLC फर्रुखनगर के दीपक कुमार* ने बढ़ते साइबर फ्रॉड को लेकर ग्रामीणों को सतर्क किया। उन्होंने बताया कि ठग किस तरह खुद को बैंक अधिकारी बताकर OTP, पासवर्ड और आधार नंबर मांगते हैं। उन्होंने कहा, _"याद रखें, बैंक कभी भी फोन पर आपसे OTP, पासवर्ड, CVV या आधार नंबर नहीं मांगता। अगर कोई अनजान नंबर से कॉल करके कहे कि आपका खाता बंद हो जाएगा, लिंक पर क्लिक करो, या लॉटरी लगी है - तो तुरंत फोन काट दें।" कार्यक्रम में समूह की महिलाओं ने भाग लिया।

हरकत में आया नगर पालिका प्रशासन, फर्रुखनगर से हटाया गया हादसों को न्योता दे रहा झुका हुआ दिशा सूचक बोर्ड

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

फर्रुखनगर। खबर का एक बार फिर बड़ा असर देखने को मिला है। फर्रुखनगर में मानेसर, वजीरपुर और बीडीपीओ व तहसील कार्यालय की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर झुके हुए भारी-भरकम दिशा सूचक बोर्ड को नगर पालिका प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए हटा दिया है। बोर्ड हटने से जहां एक ओर बड़े हादसे का खतरा टल गया है, वहीं स्थानीय लोगों और राहगीरों ने राहत की सांस लेते हुए प्रशासन और मीडिया का आभार जताया है।

क्या था पूरा मामला?

बीते बुधवार (10 नवंबर) को दैनिक समाचार पत्र ओपन सर्च में " छपी न्यूज शीर्षक फर्रुखनगर में हादसे को खुला न्योता दे रहा झुका हुआ दिशा सूचक बोर्ड, नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल" शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। इस व्यस्त मार्ग पर लगा लोहे का यह भारी बोर्ड सड़क की ओर खतरनाक तरीके से झुक गया था, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की जान पर हर वक्त खतरा मंडरा रहा था। प्रशासन ने दिखाई जागरूकता खबर प्रकाशित होने के बाद एसडीएम पटौदी दिनेश लुहाच, तहसीलदार राव सज्जन सिंह व नगर पालिका फर्रुखनगर सचिव राजेश शर्मा के मामला संज्ञान में आने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और सुरक्षा के मद्देनजर क्रेन व कर्मचारियों की मदद से उस जर्जर और झुके हुए बोर्ड को जड़ से कटवाकर हटवा दिया। मार्किट कमेटी के चेयरमैन दौलत राम गुर्जर, वाईस चेयरमैन कवंरपाल चौहान , पूर्व पार्षद नीरू शर्मा, पूर्व पार्षद दीपक यादव, पूर्व पार्षद नरेश राव, पार्षद देविन्द्र कौशिक, पार्षद जसवंत सैनी, पार्षद नीरज सैनी आदि ने जताया आभार, की एक और मांग इस त्वरित कार्रवाई के बाद क्षेत्र के दुकानदारों और आमजन ने नगर पालिका प्रशासन की जागरूकता की सराहना की है। हालांकि, स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि बोर्ड हटाने के बाद अब सड़क किनारे उसका पुराना सीमेंट का चबूतरा और उसमें लगे नुकीले लोहे के सरिये (बोल्ट) बाहर निकले हुए हैं। व्यस्त सड़क होने के कारण रात के अंधेरे में या भीड़भाड़ के समय इन सरियों से कोई वाहन या राहगीर चोटिल हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव-2026 में इस बार ज्योतिसर तीर्थ पर भी होंगे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

5 नवंबर से 25 नवंबर तक चलेगा महोत्सव, 14 से 20 नवंबर तक होंगे मुख्य कार्यक्रम, देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकार देंगे प्रस्तुति

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र की धरा पर मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव-2026 को लेकर जिला प्रशासन और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार महोत्सव को और अधिक भव्य और दिव्य बनाने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। महोत्सव के इतिहास में पहली बार गीता की जन्मस्थली ज्योतिसर तीर्थ पर भी भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में होते थे, लेकिन इस बार श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ज्योतिसर में भी अलौकिक अनुभव मिलेगा। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक आदित्य दहिया ने आज चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया और केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल उपस्थित रहे। महानिदेशक दहिया ने निर्देश दिए कि गीता जयंती महोत्सव केवल एक मेला नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और गीता के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का माध्यम है। इसलिए सभी तैयारियां अंतरराष्ट्रीय स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन इस बार 5 नवंबर से 25 नवंबर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर से 20 नवंबर तक ब्रह्मसरोवर और ज्योतिसर पर मुख्य कार्यक्रम होंगे। इन 7 दिनों में हरियाणा पवेलियन, सरस मेला, शिल्प मेला, गीता सेमिनार और भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। लाइट एंड साउंड शो, भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप दर्शन के साथ-साथ शाम के समय सांस्कृतिक मंच पर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन, गीता पर आधारित नृत्य नाटिकाएं और हरियाणवी लोक संस्कृति की प्रस्तुति आयोजित की जाएंगी। महानिदेशक आदित्य दहिया ने निर्देश दिए कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि देश-विदेश से अधिक से अधिक श्रद्धालु कुरुक्षेत्र पहुंचें। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए।

देश-विदेश के कलाकार बिखेरेंगे जलवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश के प्रसिद्ध सूफी गायक, बॉलीवुड सिंगर, हरियाणवी लोक कलाकार और विदेशी सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। इस बार गीता पर आधारित थीम पर ही सभी प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने कहा कि ज्योतिसर तीर्थ पर पर्यटकों की सुविधा के लिए विशेष लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। ज्योतिसर पर होने वाले कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण ब्रह्मसरोवर पर लगी एलईडी स्क्रीन पर भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव में इस बार गीता के 18 अध्यायों पर आधारित 18 द्वार बनाए जाएंगे और थीम पवेलियन में गीता के संदेश को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दिखाया जाएगा।

मधुमक्खी पालन प्रबंधन पर इंडो-इजराइल के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता



करनाल। बागवानी विभाग हरियाणा द्वारा उद्यान प्रशिक्षण संस्थान उचानी में इंडो-इजराइल के तहत मधुमक्खी पालन प्रबंधन पर 19 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचएसएचडीए हरियाणा के मिशन निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ डॉ. सत्येन्द्र यादव, प्रधानाचार्य भी मौजूद रहें।

मधुमक्खी प्रबंधन पर दी जानकारी

प्रशिक्षण के प्रथम दिन मधुमक्खी पालन प्रबंधन से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सुमित सैनी, डॉ. गौरव सिंह व डॉ. मनदीप राठी ने विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। मधुमक्खियों के कॉलोनी संगठन, जीवन चक्र, परागण सहायता या पुष्प प्रबंधन मधुमक्खी कॉलोनी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी ज्ञान से अवगत कराया गया। इसके अलावा प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों, मौसमी प्रबंधन और वैज्ञानिक तरीकों से कॉलोनियों को मजबूत बनाने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने शहद उत्पादन, शहद के मूल्य संवर्धित उत्पादों तथा परागण प्रबंधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला, उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा बेहतर विपणन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।45 अधिकारी हुए शामिल इस प्रशिक्षण में भारत के विभिन्न राज्यों से 45 अधिकारियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। इन्हें विशेषज्ञों द्वारा मधुमक्खी पालन प्रबंधन को लेकर विभिन्न जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कर्नाटक से पहुंचे डॉ. सोमशेखर एस. हल्लोली, कार्यकारी निदेशक इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए।

आईबीडीसी का कराया जाएगा भ्रमण

इस प्रशिक्षण के आगामी सत्रों में प्रतिभागियों को एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, रामनगर, आईबीडीसी कुरूक्षेत्र का भ्रमण करवाया जाएगा। इसके साथ ही मधुमक्खी कॉलोनियों को विभाजित करने, जोड़ने तथा मजबूत और कमजोर कॉलोनियों की पहचान करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

शांतिवन गोपाल गौशाला में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गोपाष्टमी पर्व



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

तरावड़ी। स्थानीय शांतिवन गोपाल गौशाला में गोपाष्टमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला परिसर में विशेष हवन-यज्ञ एवं गौ-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हल्का नीलोखेड़ी के विधायक श्री भगवानदास कबीरपंथी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर गौशाला प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विधायक भगवानदास कबीरपंथी का फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ में आहुति डाली और गौ-माता का तिलक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने गौ-माता को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान गौशाला परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी के साथ रमेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,नपा प्रधान प्रतिनिधि सतनाम आहुजा, चेयरमैन मार्किट कमेटी शिवनाथ कपूर, नरेश, राजकुमार तायल, राकेश, सुरेंद्र कुकरेजा, रविंद्र सिंगला, नाथी राम गुप्ता, भोलानाथ, नंद किशोर खुराना, वेद प्रकाश बंसल, नरेश अरोड़ा सहित गौशाला के सभी सम्मानित सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने गौ-सेवा और गौ-संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए गोपाष्टमी पर्व को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया।

जनता के वोट पर नहीं चलने देंगे कोई वार, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हर बूथ पर उतरेगी कांग्रेस की फौज : राव नरेंद्र सिंह

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। लोकतंत्र की नींव जनता के वोट से मजबूत होती है और जब इसी वोट के अधिकार पर सवाल खड़े होने लगें, तो उसकी रक्षा के लिए आवाज उठाना हर लोकतांत्रिक ताकत की जिम्मेदारी बन जाती है। इसी संकल्प के साथ कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान को बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे और किसी भी नागरिक को उसके संवैधानिक मतदान अधिकार से वंचित न होना पड़े। इसी महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर मंगलवार को करनाल के जाट भवन में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, अग्रणी संगठनों एवं विभागों के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त एवं सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में 'संविधान रक्षा मार्च', 'वोट रक्षक अभियान' और 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा प्रदेशभर में अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियां और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

हर बूथ पर नियुक्त होगा वोट रक्षक, मतदाता सूची पर रहेगी पैनी नजर

बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय प्रत्येक बूथ पर कम से कम एक वोट रक्षक नियुक्त करने का लिया गया। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 18 से 20 नवंबर तक प्रत्येक बूथ पर वोट रक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। 20 और 21 नवंबर को उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा 21 नवंबर तक प्रत्येक बूथ पर प्रशिक्षित वोट रक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इन वोट रक्षकों की जिम्मेदारी मतदाता सूची की निगरानी करना, मतदाताओं के नामों का सत्यापन करना, नाम हटाए जाने के कारणों की जानकारी जुटाना तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से काटे जाने की स्थिति में उसकी सहायता करना होगा।

13.3 करोड़ वोट काटे जाने का मुद्दा भी उठा, वोट रक्षक पोर्टल से होगी निगरानी

बैठक में अभियान से संबंधित पुस्तिका और 'वोट रक्षक' पोर्टल iamvoterakshak.in की जानकारी भी साझा की गई। अभियान सामग्री में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 13.3 करोड़ वोट काटे जाने का मुद्दा उठाया गया है।

इजराइल से आए प्रतिनिधियों ने एमएचयू कुलपति से की मुलाकात




ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। इजराइल के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और सब्जी उत्पादन (माशाव) विशेषज्ञ डेनियन हदद ओर नई दिल्ली स्थित इजराइल दूतावास में कृषि अताशे ओर अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (माशाव) प्रतिनिधि उरी रुबिनस्टीन मंगलवार को करनाल स्थित महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चरल यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति ओर भारत सरकार के कृषि मंत्रालय एवं बागवानी विभाग के पूर्व कमिश्नर प्रो. सुरेश मल्होत्रा से मुलाकात की। इजराइली विशेषज्ञों ने माननीय कुलपति प्रो. सुरेश द्वारा कम संसाधनों से अधिक गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को लेकर की जा रहे अनुसंधानों ओर कृषि के बीच पहुंचाएं जा रहे नवाचारों को लेकर बहुत सराहना की। इजराइली प्रतिनिधियों ने एमएचयू के साथ मिलकर शोध कार्यों को लेकर काम करने की इच्छा जताई। कुलपति प्रो सुरेश मल्होत्रा ने इजराइल से आए प्रतिनिधियों को एमएचयू द्वारा कम समय में स्थापित आयामों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एमएचयू लगातार नई तकनीकों को किसानों के तक पहुंचा रहा है, साथ ही किसान भाईयों को नवाचारों के साथ खेती आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

एक वर्ष बाद भी हाई कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं कर सकी सरकार

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। नीलोखेड़ी क्षेत्र के पधाना गांव की पंचायती जमीन पर से अतिक्रमण हटाने के एसडीएम के आदेश को क्रियान्वित करवाने की वजाए बीडीपीओ छुट्टी पर चला गया। और अकितक्रमण हटाने के आदेश की हवा निकल गई। आज पधाना गांव की मुरब्बा नंबर 26,45 र 59,37 जमीन को मुक्ति करवाने के आदेश एसडीएम ने वीडीपीओ को दे दिए थे। उसके बाद पुलिस थाने में छह नवंवर को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाने के लिए पत्र दिया। आज 17 नवंवर को जमीन को कब्जा मुक्त करवाना था। इसकी सूचना सभी संबंधित पक्षों को दे दी गई। आज थाने में पुलिस पार्टी बीडीपीओ की वाट जोहती रही। लेकिन शाम तक बीडीपीओ नहीं पहुंचा। जब कार्रवाहक वीडीपीओ गुरुमुलक सिंह से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि चार दिन पहले ही उन्हें अतिरिक्त चार्ज मिला हैं। उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं हैं। जिस वीडीपीओ साहब सिंह ने ने पत्र लिखा वह छुट्टी पर चला गया। इंद्री के वीडीपीओ पर नीलोखेड़ी का चार्ज रहा हैं। यहां उल्लेखनीय है एक साल पहले पंजाब -हरियाणा हाईकोर्ट की युगल पीठ ने जिला उपायुक्त को पधाना गांव की लगभग 86 एकड़ जमीन को प्रभावशाली लोगों के कब्जे से मुक्त करवा कर उसकी पंचायती बोली करवाने के निर्देश दिए थे। इसके लिए हाईकोर्ट ने प्रशासन को दो माह का समय दिया था। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में नीलोखेड़ी कस्बे के पधाना गांव में 704 कनाल 12 मरले की नीलामी कर ठेके पर देने की मांग डीसी से की थी। आरोप है कि पंचायत सचिव सरपंच और बीडीपीओ ने मिल कर इस जमीन को बिना बोली किए अपने चहेतों को दे दी। इस पंचायती जमीन का गोचरान के लिए उपयोग होता रहा है। पधाना गांव में स्थित 88 एकड़ पंचायती जमीन गौचरांद (पशुओं के चरागाह) के रूप में उपयोग होती आई है। लेकिन इस जमीन को बिना बोली करवाए प्रभावशाली लोगों को अवैध रूप से दे दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत ने कई वर्षों से जमीन की नीलामी नहीं करवाई, जिससे सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 46 लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। जबकि कोई भी व्यक्ति इस जमीन को नियमों के तहत ठेके पर ले सकता था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने डीसी करनाल को स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीन को कब्जे से मुक्त कराया जाए, नियमों के अनुसार पंचायत की बोली/नीलामी करवाई जाए और पूरी कार्रवाई दो माह के भीतर पूरी की जाए। इन आदेशों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया।

उसके सरपंच एसडीएम कोर्ट में चला गया। गांव वालों का कहना है कि सरपंच के पिता और अन्य परिजनों का पंचायती पर कब्जा है इसके अलावा बड़े जनप्रतिनिधियों का भी इस जमीन को लेकर स्वार्थ छिपा हुआ हैं। इस लिए जमीन को मुक्त नहीं करवाया जा रहा हैं। हाई कोर्ट का आदेश एक साल बाद भी क्रि यान्वित नहीं हो पा रहा हैं। गांव वालों ने बताया कि वह इास मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और सीएम नायाब सिंह सैनी से जल्द मिलेंगे।

करनाल में धूल और वायु प्रदूषण पर लगेगी लगाम, दो नई आधुनिक एंटी स्मॉग मशीनें सडक़ों पर उतरी

विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता और निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। शहर में वायु प्रदूषण और धूल के कणों पर नियंत्रण पाने तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए नगर निगम करनाल ने अपने प्रयासों को और तेज कर दिया है। इसी दिशा में नगर निगम द्वारा दो नई आधुनिक ट्रक माउंटेड एंटी स्मॉग गन वाटर स्प्रिंकलर मशीनें खरीदी गई हैं। मंगलवार को विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता तथा नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इन मशीनों को शहर की सडक़ों पर संचालन के लिए रवाना किया। दोनों छोटी आधुनिक मशीनों की कुल लागत 29 लाख 19 हजार रुपये है, जिसमें एक वर्ष का वार्षिक रख-रखाव (एएमसी) भी शामिल है। इन मशीनों में 1,000 लीटर पानी की क्षमता वाले टैंक लगाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य शहर की आंतरिक सडक़ों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, व्यस्त मार्गों और धूल प्रभावित क्षेत्रों में पानी की महीन फुहारों के माध्यम से वातावरण में मौजूद धूल के कणों को नीचे बैठाना है। इससे सडक़ों पर उडऩे वाली धूल में कमी आएगी और वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। धूल प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल सराहनीय कदम- विधायक। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल शहर में वायु प्रदूषण एवं धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा आधुनिक मशीनों की खरीद एक सराहनीय पहल है। वर्तमान समय में वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखना बेहद आवश्यक है। इन मशीनों के नियमित संचालन से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उडऩे वाली धूल को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। विशेषकर व्यस्त बाजारों, आंतरिक सडक़ों और अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में इनका उपयोग नागरिकों को राहत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। वायु प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव नवजात बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है। इसे कम करने के लिए नगर निगम प्रशासन और आमजन को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन आधुनिक मशीनों के प्रभावी संचालन से करनाल में वायु गुणवत्ता सुधारने और एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को बेहतर बनाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। बड़ी एंटी स्मॉग गन के बाद दो नई मशीनें भी संभालेंगी जिम्मेदारी, शहर को प्रदूषण रहित बनाने की दिशा में निगम का प्रयास- महापौर। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि शहर में वायु प्रदूषण और धूल नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल समय की आवश्यकता है। नगर निगम द्वारा पहले बड़ी ट्रक माउंटेड एंटी स्मॉग गन वाटर स्प्रिंकलर मशीन को कार्य में लगाया गया था और अब दो नई छोटी आधुनिक मशीनें भी शहर की सडक़ों पर उतर गई हैं।

प्रधान सत्यवीर गुप्ता की पत्नी कुसुम गुप्ता का निधन, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

ओपन सर्च /मनदीप कुमार



समालखा। शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रधान सत्यवीर गुप्ता की पत्नी कुसुम गुप्ता का लंबी बीमारी के चलते अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 73 वर्ष की थीं। मंगलवार को समालखा स्थित शिव धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके बेटे अनुराग ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। कुसुम गुप्ता के निधन की सूचना मिलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, परिचितों और शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधान सत्यवीर गुप्ता शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों में शामिल हैं। वह विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। पत्नी के निधन से सत्यवीर गुप्ता और उनके परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है। दुख की इस घड़ी में परिजन शोकाकुल हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग उनके निवास पर पहुंचे। सभी ने प्रधान सत्यवीर गुप्ता और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत कुसुम गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

हरियाणवी संस्कृति के रंगों से सजा राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव, सीईओ गुलजार मलिक ने किया शुभारंभ

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। आर्यन इंटरनेशनल स्कूल कैथल में हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 17 से 19 नवंबर तक राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन पूरे हरियाणा से कक्षा 5 से 8 समूह में नृत्य में 237 विद्यार्थियों ने, एकल नृत्य 56 ने रागनी में 24, अभिनय में 174 और कुल 491 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार एवं जिला गणित विशेषज्ञ सह नोडल अधिकारी छतरपाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ सी ई ओ गुलजार मलिक ने दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया। डीईओ प्रमोद कुमार, डीपीसी राजेंद्र आजाद, डिप्टी डीईओ जयभगवान,नोडल अधिकारी छत्रपाल ने सीईओ गुलजार मलिक एवं सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस अवसर पर सी ई ओ गुलजार मलिक ने कला गैलरी का भ्रमण किया तथा हरियाणवी संस्कृति से जुड़ी छोटे छोटे बाल कलाकारों की कलाकृतियों की सराहना की और कहा कि कला गैलरी में हरियाणवी संस्कृति की रियल झलक देखने को मिली। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ प्रदेश की समृद्ध कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और कहा कहा कि सांस्कृतिक उत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना भी है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है। नृत्य, संगीत, रागनी एवं अभिनय जैसी विधाओं के माध्यम से बच्चे अपनी कला और संस्कृति से जुड़ते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं और विरासत को जानने का अवसर प्रदान करते हैं। मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों का संकोच दूर होता है और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। कार्यक्रम के समन्वयक छतरपाल ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। शिक्षकों का दायित्व है कि वे उसे पहचानकर प्रोत्साहित करें। ऐसे आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। इस अवसर पर सीईओ गुलजार मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, कार्यक्रम समन्वयक छतरपाल, सुरेश कुमार, सुरेंद्र हुड्डा, सतीश शाहू, संजय कुमार, डॉ सरिता, सुमेंदर सिंह, रोशनलाल, निशांत सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

हथवाला रोड पर शुरू हुई रेड लाइट, समालखा को जाम मुक्त बनाने की दिशा में विधायक मनमोहन भड़ाना की पहल





ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। समालखा विधानसभा क्षेत्र को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने की दिशा में विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रयास रंग लाने लगे हैं। हथवाला रोड पर रेड लाइट शुरू कर दी गई है। इससे इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित होने और यातायात जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। रेड लाइट शुरू होने पर स्थानीय लोगों और राहगीरों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक मनमोहन भड़ाना का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर वाहनों की बढ़ती आवाजाही के चलते कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी। रेड लाइट शुरू होने से वाहनों का आवागमन व्यवस्थित होगा और सड़क हादसों की आशंका भी कम होगी। स्थानीय लोगों ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रेड लाइट की सुविधा काफी समय से जरूरी महसूस की जा रही थी। विधायक के प्रयास से मिली इस सौगात से आमजन, दुकानदारों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि समालखा हल्के का विकास और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए यातायात व्यवस्था में सुधार करना जरूरी है। इसी दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने के लिए आगे भी निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। रेड लाइट शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में संतोष है और उन्हें उम्मीद है कि इससे हथवाला रोड पर यातायात व्यवस्था पहले से अधिक सुचारू होगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार भरपूर विकास को दे रही जमकर बढ़ावा : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता वाली हाईपावर परचेज कमेटी की बैठक में 231.68 करोड़ रुपए के टेंडरों को मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताई है। उन्होने कहा कि भाजपा राज में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार बिना कोई भेदभाव बरते प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भरपूर विकास कार्यों को बढ़ावा दे रही है। भाजपा नेता पंकज सिंगला ने इस बात पर भी खुशी जताई कि सोहना का जितना विकास आज भाजपा राज में हो रहा है, इससे पहले कभी भी किसी भी सरकार में नही हुआ। खुशी की बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए सुरक्षा पर भी विशेष फोकस कर रही है। सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक पेट्रोलपंप पर वाहनों की असल नम्बरप्लेट की पहचान के लिए ऑटोमेटिक नंबरप्लेट रिकाग्नेशन वाले 1500 एएनपीआर कैमरे भी लगवाए जा रहे है तो बाजारों में भी सुरक्षा के लिहाज से जगह-जगह चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर सरकार अच्छी गुणवत्ता वाले कैमरे लगाने को तरजीह दे रही है।

रक्षा विश्वविद्यालय हर हालत में बिनोला में ही बनेगा : भाजपा नेता हरीश नंदा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने गांव बिनोला में बनने वाले रक्षा विश्वविद्यालय को गुजरात स्थानांतरित किए जाने वाले विपक्ष के दावों को तथ्यहीन और जनता को गुमराह करने वाला बताया है। उन्होने बताया कि स्थानीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने साफ-स्पष्ट लहजे में कहा है कि यह रक्षा विश्वविद्यालय केवल गांव बिनोला में ही बनेगा और गुजरात में जिस रक्षा विश्वविद्यालय को बनाने की मंजूरी सरकार से मिली है, वह अलग संस्थान है, उसका बिनोला में बनने वाले रक्षा विश्वविद्यालय से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नही है। भाजपा नेता हरीश नंदा राजू ने कहा कि जितना विकास आज भाजपा राज में हो रहा है, इतना विकास कांग्रेस पार्टी कई दशकों में नही करा पाई। आज भाजपा के किए जा रहे विकास को देख बौखलाई कांग्रेस पार्टी कभी वोट चोरी के नाम पर तो कभी किसी और मुददे की आड़ लेकर आम जनमानस में अपनी तेजी से गिर रही लोकप्रियता को बचाने और लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है लेकिन अब प्रदेश व देश की जनता इतना जागरूक हो गई है कि वह अपने-पराए में पहचान करना सीख गई है और अब कांग्रेस के झूठ और किसी भी तरह के प्रलोभन में नही आने वाली है।

परोपकार कार्यों में धनाढय घराने आगे आकर करे सहयोग : अनिल गोयल मोंटू



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने महिला छात्रावास के लिए 5 करोड़ रुपए का आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराए जाने पर वेदांता चेयरमैन अनिलअग्रवाल के लिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए अग्रवाल समाज के अन्य धनाढय घरानों से भी ऐसे कार्यों में आगे आकर सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होने बताया कि मुंबई के मलाड वेस्ट में देश की आधी आबादी के लिए बनने वाले इस महिला छात्रावास में ग्रामीण क्षेत्रों से मुंबई आकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाली 200 महिलाओं को रहने की सुविधा मिलेगी। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि इस छात्रावास में युवतियों को नाम मात्र के खर्चे पर रहने की सुविधा के साथ-साथ भोजन, पुस्तकालय और मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी और महिला छात्रावास में रहने वाली मातृशक्ति को सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित माहौल मिलेगा।

डाक्टर केके खंडेलवाल देश और समाज के कोहिनूर : रोहित गर्ग प्रधान अग्रवालसभा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने वरिष्ठ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी डाक्टर केके खंडेलवाल को भारत स्काउट एवं गाइडस का लगातार तीसरी बार निर्विरोध चीफ नेशनल कमिश्नर निर्वाचित होने पर खुशी जताते हुए अपने व क्षेत्र के अग्रवाल समाज की तरफ से बधाई दी है। उन्होने बताया कि वरिष्ठ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी डाक्टर केके खंडेलवाल का लगातार तीसरी बार पुनर्निर्वाचन संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उनकी दूरदर्शिता, समर्पण और उल्लेखनीय सेवाओं पर जताए गए भरोसे, विश्वास का प्रतीक है। स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बताया कि चीफ नेशनल कमिश्नर के रूप में वरिष्ठ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी डाक्टर केके खंडेलवाल देश के सबसे बड़े युवा संगठनों में से एक का नेतृत्व कर रहे है और देश भर में 80 लाख से ज्यादा स्काउटस, गाइडस और अन्य सदस्य इससे जुड़े हुए है। उन्होने भरोसा जताया कि डाक्टर केके खंडेलवाल के नेतृत्व में यह संगठन युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने में निरन्तर और ज्यादा तेज गति से आगे बढ़ते हुए नई-नई बुलंदिया छूने का काम करेगा।

सरकारी स्कूलों में 15 लाख बच्चों के मिड डे मील पर छाया संकट : इनेलो नेता रोहताश खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने भाजपा राज में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार पर सरकारी स्कूलों में उपलब्ध कराए जाने वाले मिड डे मील योजना की अनदेखी बरतने का आरोप लगाया है। उन्होने बताया कि राज्य में व्यापारियों का करीब 85 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित होने की वजह से राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले करीब 15 लाख बच्चों को दोपहर वक्त में मिलने वाले मध्याहन भोजन पर संकट मंडरा रहा है। इनेलो नेता चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने आरोप लगाया कि कई सरकारी स्कूलों में उधार के राशन से भोजन तैयार किया जा रहा है जबकि कुछ जगह शिक्षक अपनी जेब से राशन और गैस सिलेंडरों का खर्चा हाल-फिलहाल में उठा रहे है। उन्होने अहम खुलासा यह किया कि मिड डे मील योजना के तहत आने वाले राशन की राशि का भुगतान ना होने से खाद्य सामग्री की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस मामले में केन्द्र व प्रदेश दोनों सरकारों की कार्यप्रणाली को कटघरे में लाते हुए इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने सवाल उठाया कि जब इस योजना को चलाने में केन्द्र व्र प्रदेश दोनों सरकारों की हिस्सेदारी है तो भी व्यापारियों को राशन का भुगतान क्यो अटका हुआ है? उन्होने कहा कि सरकार को कुम्भकरणी नींद से जागकर इस तरफ ध्यान देते हुए दुकानदारों का बकाया 85 करोड़ रुपए वाली रकम को तत्काल जारी करने के साथ-साथ सरकारी स्कूलों में हर महीना राशन की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

सोहना में डम्पिंगस्टेशन के खिलाफ 22 को होगी बैठक : पहलवान सतबीर खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। शिवनगरी सोहना शहर की पहाड़ कॉलोनी के समीप प्रस्तावित बड़े डम्पिंगस्टेशन के विरोध में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बिगुल बजाकर आरपार की लड़ाई लडने का ऐलान किया है। साथ ही इस मसले पर इलाके के गणमान्य लोगों की गठित की गई डंपिंग यार्ड हटाओ संघर्ष समिति की आपात बैठक रविवार, 22 नवम्बर को शहर के बीचोबीच स्थित प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में आयोजित होगी। मंगलवार को यहां पर उपरोक्त जानकारी देते हुए डंपिंग यार्ड हटाओ संघर्ष समिति से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कबडडी खिलाड़ी रहे और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया ने कहा कि भाजपा सरकार सोहना में उद्योग लाने, महिला कॉलेज बनाने, खेलस्टेडियम में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने, बसअडडा परिसर में रोडवेज का सबडिपो बनाए जाने और गौचर भूमि पर गौवन बनाने, मेट्रो सोहना तक लाने, सोहना शहर को रेल सेवा से जोड़े जाने, सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा गौधन, आवारा कुत्तों और बंदरों पर रोक लगाने की बजाय क्षेत्र को कूड़ाघर देने का काम कर रही है। जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबडडी खिलाड़ी रहे और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया ने बताया कि सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही किया जाएगा और गुरूग्राम व फरीदाबाद जिले का कूड़ा-कचरा सोहना में हर्गिज नही आने दिया जाएगा। पहले ही यहां के लोग टीबी, कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे है। कूड़ाघर बनने पर बीमारियां और ज्यादा पनपेगी। पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया ने भाजपा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार को चौतरफा घेरते हुए कहा कि क्षेत्र व प्रदेश की भोलीभाली जनता को झूठे सपने दिखाकर भाजपा ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे साल में जनता को मूर्ख बनाकर दीवाली के उपहार के रूप में कोई नई योजना देने की बजाय सोहना में करीब 20 एकड़ भूमि पर बड़ा कूड़ाघर बनाने का निर्णय लेकर लोगों को बीमारियों की सौगात देने का काम किया है। भाजपाई केवल हवा-हवाई बातें कर भाई को भाई से लड़ाकर जात-बिरादरी का जहर घोल माहौल को खराब करने का काम कर रहे है तो सरकार प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता, बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर काबू पाने में पूर्णतया विफल साबित हो रही है। उन्होने कहा कि ऐतिहासिक तीर्थस्थल गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड की बदौलत देश-दुनिया के मानचित्र पर अपनी विशिष्ठ पहचान बनाने वाले शिवनगरी सोहना को भाजपा सरकार ने कूड़ाघर बनाने और शहर को नरक सिटी बनाने का मन बनाया है। जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा।

क्षेत्र के लोग पहले ही बढ़ रहे प्रदूषण, आए दिन बार-बार लगने वाले जाम से परेशान है। दूषित हवा की वजह से रोगों की चपेट में आ रहे है। विकास को बढ़ावा देने की बजाय क्षेत्र के लोगों के साथ धोखा देने का काम हो रहा है। राज्य में सरकार कही सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है तो किसानों को फसलों का एमएसपी दाम नही मिल रहा है। आज हर वर्ग भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आ गया है। उन्होने बताया कि 22 नवम्बर को जुडऩे वाली बैठक में डंपिंग यार्ड हटाओ संघर्ष समिति से जुड़े सर्वसमाज के लोग आरपार की लड़ाई लडऩे का निर्णय लेंगे।

लाला लाजपत राय के सपनों को साकार बनाए : भाजपा नेता दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को अमर शहीद लाला लाजपत राय के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवदत्त शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि लाला लाजपत राय एक ऐसे वीर सेनानी थे, जिन्होने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। लाला लाजपत राय ताउम्र राष्ट्र, समाज एवं शिक्षा उत्थान के प्रति समर्पित रहे। भारतीयों को आजादी में खुली सांस लेने के लिए सबसे पहले स्वतंत्रता की मांग करने वाले लाला लाजपत राय ने देश को आजाद कराने के लिए अपनी शहादत देकर आजादी की नींव रखी थी। हमें चाहिए कि ऐसी महान शख्सियत से प्रेरणा लेकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करे। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि लाला जी के नाम से मशहूर लाला लाजपत राय ने जलियावाला बाग नरसंहार के खिलाफ सबसे पहले विरोधप्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मरते दम तक लड़ाई लड़ते रहे लेकिन ना तो कभी अंग्रेजी हुकूमत के आगे घुटने टेके और ना ही चमचागिरी, चापलूसी की। जब तक जिंदा रहे, अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम बनाए रहे और जब तक देश आजाद नही हुआ, तब तक देश की आजादी के लिए पूरी तरह संघर्षरत रहे। हमें चाहिए कि हम सभी जातपात और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर एक हो और स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के सपनों को साकार बनाते हुए देश व समाज को नई दिशा देने का काम करे।

सोहना में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 28 को होगी परीक्षा : पंडित अनिल कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंडित अनिल कौशिक ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कक्षा छठी के विद्यार्थियों की परीक्षा लेने हेतू यहां पर स्थानीय सीनियर सैकेंडरी गल्र्ज विद्यालय में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा केन्द्र पर 28 नवम्बर को सीनियर सैकेंडरी गल्र्ज विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर ली जाएगी, जिसमें परीक्षा का समय सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक रहेगा। शिक्षाविद पंडित अनिल कौशिक ने बताया कि सीनियर सैकेंडरी गल्र्ज विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम आधा घंटे पहले यानी सुबह 10 बजे तक अपने प्रवेश पत्र और एक पहचान आईडी के साथ पहुंचना जरूरी बनाया गया है। उन्होने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह नकल मुक्त तथा शांतिपूर्वक कराए जाने के लिए मुकम्मल इंतजाम किए गए है। परीक्षार्थियों के अलावा किसी को भी परीक्षा केन्द्र के आसपास नही फटकने दिया जाएगा। ध्यान रहे कि जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठी में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को इस परीक्षा के प्रदर्शन पर ही अगली कक्षा में दाखिले के लिए लाभ मिलेगा। शिक्षाविद पंडित अनिल कौशिक ने बताया कि इस बार नवोदय में कक्षा छठी में दाखिले की परीक्षा के लिए कुल 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, सीनियर सैकेंडरी विद्यालय बोहडाकला और सीनियर सैकेंडरी कन्या विद्यालय सोहना शहर को परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित किया गया है।

बेरोजगारों को नही मिल रहा रोजगार-खा रहे धक्के : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर गांव घाटाअमीरपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को अमर शहीद लाला लाजपत राय के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक युवा कांग्रेस नेता शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैम्बर चौधरी महेश घोडारोप ने अपने संबोधन में लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हे देश का महान सपूत बताया। इस मौके पर बोलते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैम्बर चौधरी महेश घोडारोप ने केन्द्र व प्रदेश सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया और आरोप लगाया कि हरियाणा व केन्द्र सरकार बेरोजगारों को रोजगार दिलाने में नाकामयाब रही है। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने युवाओं को रोजगार देने के जो वायदे किए थे, उसे पूरा नही किया जा रहा है। उन्होने सरकार से सवाल किया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने युवाओं को रोजगार देने की दिशा में क्या-क्या किया और आगे रोजगार के लिए उसकी क्या योजनाएं है, स्पष्ट करे। साथ ही सरकार यह भी स्पष्ट करे कि वो हरियाणा में कार्यरत बाहर की कंपनियों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने की दिशा में क्या कदम उठा रही है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैम्बर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि सरकार को राज्य में कार्यरत निजी कंपनियों से यह पूछा जाना चाहिए कि उनकी कंपनी में कितने प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कार्यरत निजी कंपनियों को रोजगार देने में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस समय प्रदेश में सबसे बड़ा संकट युवाओं के रोजगार को लेकर है। आज हर घर में पढऩे-लिखने के बाद भी युवा बेरोजगार बैठे हुए हैं। राज्य में करीब 70 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं, वह कहां जाएं, क्या करे? हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैम्बर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि रोजगार देने की दिशा में समय रहते अगर सरकार ने सख्त कदम नही उठाया तो युवा अपने रास्ते से भटक सकते है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में हरियाणा के युवाओं ने अपना टैलेंट साबित किया है।

हमें समय रहते ऐसे प्रतिभावान युवाओं को देश व राज्य की सेवा करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। तभी हमारा हरियाणा राज्य व देश तरक्की करेगा और हर घर में खुशहाली आएगी। उन्होने कहा कि सरकार को कोई ऐसी योजना बनानी चाहिए, जिससे कि हर घर में युवाओं को रोजगार मिल सके।

विद्या निकेतन स्कूल अलीपुर में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम


ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव अलीपुर स्थित विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य नेत्रपाल सिंह और युवा समाजसेवी बिशन गुर्जर ने बताया कि इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष और सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन तथा सोहना प्राइवेट स्कूल संचालक एसोसिएशन के प्रधान चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने उपस्थित विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराइयों को छोडऩे, अच्छाइयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाये। लाला लाजपत राय भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे, जिन्होने देश व समाज के भले के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्या निकेतन सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष और सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन तथा सोहना प्राइवेट स्कूल संचालक एसोसिएशन के प्रधान चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों से बाल्यकाल से ही असत्य से दूर रह सत्य बोलने पर ही बल दिया। उन्होने संस्थान की शिक्षा, खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का सिलसिलेवार वर्णन करते हुए कहा कि इस संस्थान के शिक्षकों, विद्यार्थियों की मेहनत के परिणामस्वरूप विद्यालय ना केवल विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल है बल्कि हरियाणा विद्यालय बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में इस विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने रिकार्ड तोड़ मैरिट हासिल कर पूरे सोहना व जिला में स्कूल का परचम फहराया है। इसके अलावा हरियाणा बोर्ड की टाप सूची में पूरे हरियाणा में शीर्ष स्थान हासिल कर संस्थान का नाम ऊंचा उठाया है।

सोहना विट कॉलेज में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस पर हुए कार्यक्रम : नरेन्द्र बोकन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में हाजीपुर-सिलानी के बीच स्थित विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति महासचिव अभिमन्यु बोकन ने बताया कि इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष व शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन ने उपस्थित विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराइयों को छोडऩे, अच्छाइयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाये। लाला लाजपत राय भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे, जिन्होने देश व समाज के भले के लिये अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए। विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष व शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों से बाल्यकाल से ही असत्य से दूर रह सत्य बोलने पर ही बल दिया। विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति महासचिव अभिमन्यु बोकन ने संस्थान की शिक्षा, खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का सिलसिलेवार वर्णन करते हुए कहा कि इस संस्थान के शिक्षकों, विद्यार्थियों की मेहनत के परिणामस्वरूप कॉलेज ना केवल विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल है और क्षेत्र में इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहा है।

शिवनगरी सोहना में हुआ हनुमानचालीसा पाठ का आयोजन : हनुमान भक्त मोहित खट्टर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर वार्ड-5 में जिंदल पब्लिक स्कूल के समीप श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े और बजरंगबली के परम भक्त राजकुमार खटटर, मोहित खटटर के आवास पर मंगलवार को दिव्य संकीर्तन हनुमानचालीसा पाठ का 28वां सामूहिक हनुमानचालीसा पाठ उत्सव का आयोजन हुआ। इस मौके पर केसरीमंडल सोहना में शामिल बजरंगबली के भक्त गायक कलाकारों ने हनुमानचालीसा पाठ में श्रद्धालुओं के बीच ज्ञान की गंगा बहाते हुए श्रद्धालुओं को श्रीराम संकीर्तन पर झूमने पर मजबूर कर दिया। इस धार्मिक उत्सव के आयोजक व बाली स्वीटस ग्रुप के निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर, डाक्टर सतीश जुनेजा, विपिन मल्होत्रा ने बताया कि उत्सव में सर्वजातीय समाज के तमाम बुजुर्ग, मातृशक्ति समेत आदि समेत आमंत्रित लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर बाली स्वीटस ग्रुप के चेयरमैन राजकुमार खटटर और निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने कहा कि श्रीराम जी की धर्मनगरी अयोध्या में श्रीराम जी का भव्य मंदिर निर्माण रामभक्तों और पूरे देश के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होने कहा कि हमारे भगवान श्रीराम जी ने समाज को जीने को तरीका सिखाया कि किस तरह हम मर्यादाओं में रहकर जीवन को खुशहाल और सुखमय तरीके से जी सकते है। अयोध्या में बना श्रीराममंदिर पूरे देश के लिए गौरव की बात है। यह मंदिर देश का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक भव्य मंदिर है। जिससे करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। उन्होने बताया कि अयोध्या नगरी में श्रीराममंदिर के लिए 78 बार युद्ध हो चुके है। लाखों हिन्दुओं ने बलिदान दिया है। संसार भर से लोग इस अद्वितीय मंदिर को देखने आ रहे है।

शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे को दी भावभीनी श्रद्धांजलि : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। महाराजा शिवाजी को अपना आदर्श मानने वाले मराठा मानुष व हिंदू हृदय सम्राट बाल ठाकरे की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सोहना जागृतिमंच, बजरंगदल, शिवसेना, सोहना गौरक्षादल, हिंदूसेना के कार्यकर्ताओं ने उन्हे अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे अपनी बेबाकी और हिंदू हितों के लिए संघर्षरत प्रखर नेता के रूप में पहचाने जाते थे। एक अंग्रेजी दैनिक द फ्री प्रेस जर्नल के मुंबई संस्करण में कार्टूनिस्ट के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले बाल ठाकरे अपनी स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते थे। उन्होने बाल ठाकरे को दृढ़ विश्वास और दृढ़ संकल्प व्यक्ति बतलाते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के 65 वर्ष में देश पर अपनी ऐसी अमिट छाप छोडने वाला बाल ठाकरे जैसा व्यक्तित्व बिरला ही होगा, जैसी छाप बाल ठाकरे ने छोड़ी है। यहां पर स्थानीय खेलस्टेडियम के सामने स्थित व्यापारमंडल संघ कार्यालय में महाराजा शिवाजी को अपना आदर्श मानने वाले मराठा मानुष व हिंदू हृदय सम्राट बाल ठाकरे की पुण्यतिथि पर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम में बोलते हुए स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, स्थानीय पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष और नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े जाने-माने समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, गांव लोहटकी में रहने वाले पूर्व जिलापार्षद जगबीर सिंह जग्गू खटाना, पूर्व नगरपार्षद रेखा खटाना के प्रतिनिधि जगमेन्द्र खटाना, नंबरदार जीतू राघव, अग्रवाल सभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, स्वर्णकार सभा के प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, आर्यसमाज के मंत्री संजय आर्य नूनेहरिया, अग्रवाल युवा नेता सैंकी सिंगला, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट आदि का कहना है कि बाल ठाकरे में गजब की नेतृत्व क्षमता थी, जिन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्टूनिस्ट से राजनीति की सीढिय़ां चढ़ते हुए अपनी एक अमिट पहचान बनाई। वह जिंदादिल इंसान थे। अपनी बात बेबाकी से रखते थे और अपने लिए गए फैसले पर हमेशा अडिग रहते थे। महामंडलेश्वर मनोहरदास शास्त्री, सुशीलनगर कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री शिवमंदिर के पुजारी पंडित वेदप्रकाश शास्त्री, पंडित रमेश शास्त्री ने बाल ठाकरे को मुंबई का गाडफादर व दबंग महानायक बताते हुए कहा कि उनके दरबार में सबके लिए जगह थी। उनकी कथनी और करनी में पूरा सामंजस्य रहता था।

अध्यापक पात्रता परीक्षा पुलिस निगरानी में 26 व 27 को होगी : शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा 26 व 27 दिसम्बर को आयोजित होगी। मंगलवार को यहां पर शिक्षक वर्ग के बीच बोलते हुए भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि 26 दिसम्बर को लेवल तीन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा में ली जाएगी तो अगले दिन 27 दिसम्बर को लेवल दो की परीक्षा सुबह दस बजे से साढ़े बारह बजे तक और इसी दिन दूसरे लेवल वन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक ली जाएगी। उन्होने बताया कि चालू वर्ष के दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में होने वाली इस परीक्षा के लिए जल्द ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भिवानी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होने संभावना जताई कि इस बार भी एचटेट परीक्षा में 2 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे और चालू वर्ष की यह दूसरी एचटेट परीक्षा होगी।

भरे गए नौ सैम्पल फेल आने पर नोटिस जारी होते ही व्यापारियों में मचा हडक़म्प

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): मुख्यमंत्री उडऩदस्ते के खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ मिलकर दीवाली के त्यौहार पर विभिन्न वस्तुओं के भरे गए सैंपलों में से 9 सैम्पल जांच में फेल आने पर संबंधित विभाग द्वारा संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करते ही व्यापारियों में जबरदस्त हडक़म्प का माहौल नजर आ रहा है। विभाग ने कुल 61 सैम्पल भरे, जिनमें से 9 सैंपलों की रिपोर्ट फेल आई है। इसमें पनीर, खोया, बादाम बर्फी, केक, पनीर, छैना, क्रीम, खोया और दूध के सैंपल फेल आए है जबकि भरे गए अन्य सैंपलों की रिपोर्ट अभी आना बाकी है। जिन पर सबकी निगाहे लगी है कि उन सैंपलों की क्या रिपोर्ट आएगी?

विवाह समारोह में विटेंज कार और ऑन व्हील्स डीजे के प्रति तेजी से बढ़ रहा क्रेज

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): देवोत्थान एकादशी पर 20 नवम्बर से विवाह-शादियों का सीजन शुरू होने वाला है लेकिन इस बार होने वाले विवाह-शादी समारोह में दूल्हे के लिए विन्टेज कार और आकर्षक घोड़ा-बग्घी व बैंड-बाजा के साथ-साथ ऑन व्हील्स डीजे के प्रति बढ़ रहा क्रेज अभी से नजर आ रहा है। शायद यही कारण है कि विवाह का सीजन शुरू होने से पहले ही जहां इनकी बुकिंग एडवांस में किए जाने का कार्य जोर पकड़ रहा है। विन्टेज कार और ऑन व्हील्स डीजे की किराया-लागत भी ज्यादा बढ़ गई है। इतना ही नही सोहना रोड़ पर इन दिनों वेडिंग सर्विस वालों के पास शादी समारोह आयोजन की एडवांस बुकिंग के लिए लाइनें लगी है क्योकि आधुनिकता और चकाचौंध भरी इस दुनिया में शादी करने वाला हर युवा चाहता है कि उसकी बारात कुछ अलग और यादगार दिखे। शायद यही वजह है कि इस सीजन में रायल कारों का क्रेज जोर पकड़ रहा है। वही इस बार डीजे ऑन व्हील्स यानि चलती गाड़ी पर डीजे सिस्टम की मांग भी ज्यादा नजर आ रही है तो वही आधुनिक सैटअप के बीच पारम्पारिक घोड़ी का आकर्षण भी पूरी तरह बरकरार है। पहले जहां लोग विवाह-शादियों में छोटे डीजे लगाते थे, वही अब ओपन कैंटरा या ट्रक में पूरी लाइटिंग और तेज साउंड सिस्टम वाला सैटअप आकर्षण का विशेष केन्द्र बनता नजर आ रहा है।

सोहना में आज से लगेगा 5 दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर : संजय आर्य



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय आर्यसमाज के मंत्री संजय आर्य नूनेहरा ने बताया कि राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए 5 दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर बुधवार, 18 नवम्बर से 22 नवम्बर तक कायाकल्प योग प्राकृतिक चिकित्सालय में आयोजित होगा। उन्होने बताया कि हरियाणा योग आयोग एवं कायाकल्प योग प्राकृतिक चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे इस 5 दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में डाक्टर विजाता आर्या प्राकृतिक तरीकों, संतुलित दिनचर्या, योगा और खानपान के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर विशेष फोकस करते हुए जरूरी टिप्स देगी।

वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस दिन-रात चला रही वाहन जांच अभियान

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): एनसीआर के प्रमुख क्षेत्र और मेवात का प्रवेश द्वार कहलाने वाले वाले सोहना में वाहन चोरों पर कड़ाईपूर्वक शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने दिन-रात 24 घंटे जांच चालू रखने के लिए विशेष वाहन जांच अभियान चलाया हुआ है। शहर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह और शहर पुलिस चौकी प्रभारी सबइंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि स्थानीय पुलिस रोजाना जगह-जगह बदलकर वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चला रही है। उन्होने बताया कि उनके साथ-साथ सहायक सबइंस्पेक्टर सुखबीर सिंह समेत विभिन्न पुलिस अधिकारियों पर आधारित वाहन जांच टीमें बनाई गई है, जो स्कूटी और मोटरसाइकिलों से लेकर चार पहिया वाहनों के दस्तावेजों की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है। इतना ही नही बिना नंबरी दोपहिया व चार पहिया वाहनों, अधूरे दस्तावेजों, हैल्मेट ना लगाने वालों, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, प्रदूषण व इंश्योरेंस ना कटवाने तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के मौके पर ही चालान कर वाहन जब्ती की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

लाला लाजपत राय बलिदान दिवस पर डीवीएम स्कूल में आयोजित हुई प्रतियोगिता : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना शहर में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को यहां पर दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने बताया कि विद्यालय निर्देशक हर्षित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहनप्रकाश कौशिक ने लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराईयों को छोडऩे, अच्छाईयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाए। लाला लाजपत राय भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे, जिन्होंने देश व समाज के भले के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए।


लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में एशियन प्राइमरी विद्यालय प्रांगण में हुआ कार्यक्रम

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर पुराने बसअडडा के समीप स्थित एशियन प्राइमरी विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय निर्देशिका शैली लोहिया ने बताया कि इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए एशियन प्राइमरी विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कपिल लोहिया ने उपस्थितों को लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराईयों को छोडऩे, अच्छाईयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जीये और कुछ करके दिखाये। लाला लाजपत राय भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे, जिन्होने देश व समाज के भले के लिये अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।

हनुमानबगीची में डम्पिंगस्टेशन के खिलाफ 22 को होगी बैठक : कांग्रेस नेता राजीव यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना शहर की पहाड़ कॉलोनी के समीप प्रस्तावित बड़े डम्पिंगस्टेशन के विरोध में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बिगुल बजाकर आरपार की लड़ाई लडऩे का ऐलान किया है। साथ ही इस मसले पर इलाके के गणमान्य लोगों की गठित की गई डंपिंग यार्ड हटाओ संघर्ष समिति की आपात बैठक रविवार, 22 नवम्बर को शहर के बीचोबीच स्थित प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में आयोजित होगी। मंगलवार को यहां पर उपरोक्त जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने कहा कि भाजपा सरकार सोहना में उद्योग लाने, महिला कॉलेज बनाने, खेलस्टेडियम में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने, बसअडडा परिसर में रोडवेज का सबडिपो बनाए जाने और गौचर भूमि पर गौवन बनाने, मेट्रो सोहना तक लाने, सोहना शहर को रेल सेवा से जोड़े जाने, सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा गौधन, आवारा कुत्तों और बंदरों पर रोक लगाने की बजाय क्षेत्र को कूड़ाघर देने का काम कर रही है। जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही किया जाएगा और गुरूग्राम व फरीदाबाद जिले का कूड़ा-कचरा सोहना में हर्गिज नही आने दिया जाएगा। पहले ही यहां के लोग टीबी, कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे है। कूड़ाघर बनने पर बीमारियां और ज्यादा पनपेगी। युवा



कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने भाजपा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार को चौतरफा घेरते हुए कहा कि क्षेत्र व प्रदेश की भोलीभाली जनता को झूठे सपने दिखाकर भाजपा ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे साल में जनता को मूर्ख बनाकर दीवाली के उपहार के रूप में कोई नई योजना देने की बजाय सोहना में करीब 20 एकड़ भूमि पर बड़ा कूड़ाघर बनाने का निर्णय लेकर लोगों को बीमारियों की सौगात देने का काम किया है। भाजपाई केवल हवा-हवाई बातें कर भाई को भाई से लड़ाकर जात-बिरादरी का जहर घोल माहौल को खराब करने का काम कर रहे है तो सरकार प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता, बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर काबू पाने में पूर्णतया विफल साबित हो रही है। उन्होने कहा कि ऐतिहासिक तीर्थस्थल गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड की बदौलत देश-दुनिया के मानचित्र पर अपनी विशिष्ठ पहचान बनाने वाले शिवनगरी सोहना को भाजपा सरकार ने कूड़ाघर बनाने और शहर को नरक सिटी बनाने का मन बनाया है। जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा। क्षेत्र के लोग पहले ही बढ़ रहे प्रदूषण, आए दिन बार-बार लगने वाले जाम से परेशान है। दूषित हवा की वजह से रोगों की चपेट में आ रहे है।

विकास को बढ़ावा देने की बजाय क्षेत्र के लोगों के साथ धोखा देने का काम हो रहा है।राज्य में सरकार कही सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है तो किसानों को फसलों का एमएसपी दाम नही मिल रहा है। आज हर वर्ग भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आ गया है। उन्होने बताया कि 22 नवम्बर को जुडऩे वाली बैठक में डंपिंग यार्ड हटाओ संघर्ष समिति से जुड़े सर्वसमाज के लोग आरपार की लड़ाई लडऩे का निर्णय लेंगे।

सोहना में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आरबीएसएम स्कूल में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय निर्देशक भागीरथ राघव एडवोकेट ने उपस्थित विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराइयों को छोडऩे, अच्छाइयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाये। लाला लाजपत राय भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे, जिन्होने देश व समाज के भले के लिये अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए। आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय निर्देशक भागीरथ राघव एडवोकेट ने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों से बाल्यकाल से ही असत्य से दूर रह सत्य बोलने पर ही बल दिया। विद्यालय निर्देशिका विमला राघव ने संस्थान की शिक्षा, खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का सिलसिलेवार वर्णन करते हुए कहा कि इस संस्थान के शिक्षकों, विद्यार्थियों की मेहनत के परिणामस्वरूप विद्यालय ना केवल विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल है बल्कि हरियाणा विद्यालय बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में इस विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने रिकार्ड तोड़ मैरिट हासिल कर पूरे सोहना व जिला में स्कूल का परचम फहराया है। इसके अलावा हरियाणा बोर्ड की टाप सूची में पूरे हरियाणा में शीर्ष स्थान हासिल कर संस्थान का नाम ऊंचा उठाया है।

विशेष अदालत ने वाटिका समूह के अध्यक्ष प्रमोटर की बढ़ाई हिरासत अवधि

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। धन शोधन मामले में वाटिका समूह के प्रबंध निर्देशक अनिल भल्ला और प्रमोटर गौतम भल्ला को विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत बढ़ाकर 27 नवम्बर तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए है। इस मामले में पीएमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई में है कि प्रर्वतन निदेशालय यानी ईडी ने अनिल भल्ला व गौतम भल्ला को अठाईस सितम्बर को गिरफ्तार किया। उनकी यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम-2002 के तहत की गई। विशेष अदालत के आदेश पर दोनों आरोपियों को ईडी ने 27 नवम्बर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भौंड़सी जेल भेज दिया है। इससे पूर्व ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने विशेष अदालत में तर्क दिया कि यदि आरोपियों को न्यायिक हिरासत में नही भेजा गया तो वह सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते है और समन किए गए गवाहों को प्रभावित कर सकते है। ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि इस मामले की जांच अभी जारी है। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों और पूछताछ के लिए बुलाए गए लोगों को देखते हुए आशंका है कि आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर गवाहों को प्रभावित कर सकते है। जिससे जांच प्रभावित होने की सम्भावना है। ईडी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा की धारा-187 (2) के तहत कानूनन अनुमत अवधि में आवश्यकता पडऩे पर आगे की हिरासत मांगने का अधिकार भी सुरक्षित रखा। हालाकि इससे पूर्व विशेष अदालत में की गई सुनवाई के दौरान आरोपितों के वकीलों ने निर्धारित दवाईयां और चश्मा जेल में ले जाने की अनुमति मांगी तो परिवार की ओर से गददा व तकिया समेत उपयुक्त बिस्तर उपलब्ध कराने तथा कंचन भल्ला, गौरव भल्ला व दिव्य भल्ला से सप्ताह में तीन बार जेल में मुलाकात की अनुमति देने का भी अनुरोध किया। उस वक्त इस मामले में विशेष अदालत के सत्र न्यायाधीश एवं पीएमएलए विशेष न्यायाधीश नरेन्द्र सूरा की अदालत ने भौंड़सी मार्डन जेल अधीक्षक को प्रिस्क्रिप्शन में लिखी दवाईयां आरोपियों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए है।

गौवर्धन गौशाला में गौपाष्टमी के उपलक्ष्य में श्रृगांरयुक्त गऊओं की पूजा अर्चना की गई

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय श्री गौवर्धन गौशाला प्रबंधन समिति के तत्वाधान में गांव आटा स्थित श्री गौवर्धन गौशाला स्थल पर मंगलवार को गौपाष्टमी के उपलक्ष्य में 'गऊ सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर गायों का श्रृगांर कर पूजा करते हुए गुड़ युक्त आटे के पेड़े खिलाए गए। इस मौके पर पंडित रमेश शास्त्री समेत विभिन्न प्रमुख लोगों ने उपस्थित गऊ प्रेमियों के बीच गौपाष्टमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होने के कारण गाय को देवों से भी ऊपर माना गया है और गौसेवा करने से मनुष्य को ना केवल शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक विकास प्राप्त होता है बल्कि सुख-समृद्धि, मानसिक शांति का आभास होता है। गौशाला प्रबंधन समिति से जुड़े जाने-माने परम गौभक्त ठाकुरदास शर्मा, मुकेश गर्ग एडवोकेट, मास्टर अमीचंद गर्ग, प्रवेश गर्ग, संजय आर्य बजाज, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी, डाक्टर एसपी राठौड़, सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, सुशीलनगर कॉलोनी में रहने वाले परम गौभक्त कृष्ण सैनी, सोहना खादी ग्रामोद्योग से जुड़े मोहित यादव, युवा अग्रवाल नेता सैंकी सिंगला, सुशील अग्रवाल पुन्हानिया, पंडित दयानंद शर्मा आदि ने बताया कि इस मौके पर बोलते हुए विभिन्न वक्ताओं ने गौमाता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रहमा-विष्णु-महेश एवं 33 करोड़ देवी-देवताओं ने कामधेनु गाय की स्तुति कर गऊ के महत्त्व को दर्शाया है और गौमूत्र के सेवन से प्लीहा व यकृत रोग नष्ट हो जाते है। वहीं गोबर प्रयोग व गऊ के दुग्ध सेवन से शरीर की बीमारियां शनै: शनै: दूर हो मनुष्य काया निरोगी बन जाती है। इस अवसर पर पंडित रमेश शास्त्री ने बताया कि गाय के शरीर में अनेक देवताओं का वास होता है। इसलिए गाय की पूजा करने से सभी देवताओं की पूजा स्वयं हो जाती हैं। मुख्य रूप से यह गौ पूजन से जुड़ा हुआ पर्व है। कहा जाता है कि भगवान कृष्ण ने इस दिन से गाय चराना आरंभ किया था। गउ परिक्रमा के भी लाभ होते हैं। भगवान कृष्ण का एक नाम गोपाल भी है। कृष्ण के बाल चरित्र में गाय का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान है। गाय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गौवर्धन पर्वत की श्रीकृष्ण ने पूजा की और गिरधारी बन उसका मान बढ़ाया।

कामधेनु ने श्रीकृष्ण का आज अभिषेक किया और इसी दिन भगवान का नाम गोविंद पड़ा। यह कार्तिक शुक्ल की अष्टमी का दिन था, तब से इस दिन की गौसेवा पूजा के रूप में विशेष महत्व रखती है। इस दिन गाय की पूजा करके गौग्रास आदी से संतुष्ट कर प्ररिक्रमा करने और गाय की चरण राज माथे पर लगाने से सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस दिन गौशालाओं में मेला जैसा लगा रहा। गौ कीर्तन किया गया। यह घर-घर, गांव -गांव में मनाया जाने वाला उत्सव है। इस अवसर पर गौवर्धन गौशाला आटा में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए आर्यसमाज के प्रधान महेश आर्य ने गाय के पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि, मानव जीवन और गाय आपस में एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। आज अंधाधुंध रसायनिक खाद एवं मशीनीकरण ने हमारे खानपान एवं वायुमंडल को दूषित कर दिया है। हमें वापस जैविक खेती को अपनाना होगा और गाय की महत्ता को समझना होगा। इस अवसर पर गौशाला समिति के सभी सदस्य, डाक्टर महेश गोयल, पंडित रमेश शास्त्री, श्री गौवर्धन गौशाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुरदास शर्मा, युवा समाजसेवी प्रवेश गर्ग, सतेन्द्र एडवोकेट, लोकेश राघव, मास्टर अमीचंद गर्ग, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी और आसपास के गांवों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

इनेलो ने आशावर्कर्रों की होने वाली हड़ताल को दिया समर्थन : इनेलो नेता विजय सिंह डागर


ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी विजय सिंह डागर ने पक्की नौकरी और 42 हजार रुपए न्यूनतम मासिक वेतन समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राज्य में पहली दिसम्बर से हड़ताल पर जा रही आशावर्कर्रों को अपनी व इनेलो पार्टी की तरफ से खुला समर्थन देने का ऐलान किया है। उन्होने बताया कि आशावर्कर पहली दिसम्बर से अपनी मांगों को लेकर 3 दिवसीय हड़ताल पर रहते हुए इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित की जा रही देशव्यापी रैली में बढ़-चढक़र शामिल होगी। इनेलो नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने बताया कि आशावर्कर्रों के हड़ताल करने पर भाजपा की झूठी व मक्कार सरकार उनकी रखी गई मांगों को जायज बताकर विचार करने के नाम पर झूठे सब्जबाग दिखा हड़ताल तुड़वा देती है और बाद में उन मांगों को पूरा भी नही करती। इनेलो नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने सरकार से मांग की कि आशावर्कर्रों को पक्का कर्मचारी घोषित कर 42 हजार रुपए माहवार न्यूनतम वेतन और 21 हजार रुपए पेंशन व सामाजिक सुरक्षा लाभ सुविधा दी जाए। इसके अलावा वर्ष-2025 में घोषित 1500 रुपए की बढ़ोतरी भी तुरंत प्रभाव से लागू कर ऑनलाइन काम कराने पर रोक लगाने के साथ-साथ चारों नए लेबर कोड वापिस लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराए सरकार : कांग्रेस नेता मनोज बंधवाड़ी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर गांव बंधवाड़ी स्थित कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को अमर शहीद लाला लाजपत राय के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनोज बंधवाड़ी ने अपने संबोधन में लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्हे देश का महान सपूत बताया। इस मौके पर बोलते हुए युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनोज बंधवाड़ी ने केन्द्र व प्रदेश सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया और आरोप लगाया कि हरियाणा व केन्द्र सरकार बेरोजगारों को रोजगार दिलाने में नाकामयाब रही है। उन्होने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने युवाओं को रोजगार देने के जो वायदे किए थे, उसे पूरा नही किया जा रहा है। उन्होने सरकार से सवाल किया कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने युवाओं को रोजगार देने की दिशा में क्या-क्या किया और आगे रोजगार के लिए उसकी क्या योजनाएं है, स्पष्ट करे। साथ ही सरकार यह भी स्पष्ट करे कि वो हरियाणा में कार्यरत बाहर की कंपनियों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलाने की दिशा में क्या कदम उठा रही है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनोज बंधवाड़ी ने कहा कि सरकार को राज्य में कार्यरत निजी कंपनियों से यह पूछा जाना चाहिए कि उनकी कंपनी में कितने प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कार्यरत निजी कंपनियों को रोजगार देने में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस समय प्रदेश में सबसे बड़ा संकट युवाओं के रोजगार को लेकर है। आज हर घर में पढऩे-लिखने के बाद भी युवा बेरोजगार बैठे हुए हैं। राज्य में करीब 70 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं, वह कहां जाएं, क्या करे? युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मनोज बंधवाड़ी ने कहा कि रोजगार देने की दिशा में समय रहते अगर सरकार ने सख्त कदम नही उठाया तो युवा अपने रास्ते से भटक सकते है।

उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में हरियाणा के युवाओं ने अपना टैलेंट साबित किया है। हमें समय रहते ऐसे प्रतिभावान युवाओं को देश व राज्य की सेवा करने का अवसर प्रदान करना चाहिए। तभी हमारा हरियाणा राज्य व देश तरक्की करेगा और हर घर में खुशहाली आएगी। उन्होने कहा कि सरकार को कोई ऐसी योजना बनानी चाहिए, जिससे कि हर घर में युवाओं को रोजगार मिल सके।

सत्य सनातन गौशाला में श्रृगांरयुक्त गऊओं की पूजा अर्चना की गई

गौपाष्टमी के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर मंगलवार को गौपाष्टमी के उपलक्ष्य में सोहना के गांव सांपकीनंगली में खोली धाम स्थित श्री सत्य सनातन गौशाला स्थल पर गौशाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भरत सिंह सैनी सोहनाढाणी की अध्यक्षता में 'गऊ सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर गायों का श्रृगांर कर पूजा करते हुए गुड़ युक्त आटे के पेड़े, हरा चारा, गुड़, खिलाया गया। इस मौके पर आयोजित किए गए गौपाष्टमी महोत्सव में मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विभिन्न वक्ताओं ने उपस्थित गऊ प्रेमियों के बीच गोपाष्टमी महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होने के कारण गाय को देवों से भी ऊपर माना गया है और गौसेवा करने से मनुष्य को ना केवल शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक विकास प्राप्त होता है बल्कि सुख-समृद्धि, मानसिक शांति का आभास होता है। उन्होंने बताया कि ब्रहमा-विष्णु-महेश एवं 33 करोड़ देवी-देवताओं ने कामधेनु गाय की स्तुति कर गऊ के महत्त्व को दर्शाया है और गौमूत्र के सेवन से प्लीहा व यकृत रोग नष्ट हो जाते है। वही गोबर प्रयोग व गऊ के दुग्ध सेवन से शरीर की बीमारियां शनै: शनै: दूर हो मनुष्य काया निरोगी बन जाती है। इसके अलावा इस मौके पर अति विशिष्ठ अतिथि रूप में सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, शीश के दानी बाबा खाटूश्याम के परम भक्त अजय जांगड़ा, सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष और व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर उमेश गुप्ता, बाबू धर्म सिंह रायसीनिया, चौधरी जयबीर घोडारोप, लालू नंगली, विनोद कुमार घोडारोप, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, पंडित रमेश शास्त्री, नंबरदार भबीचंद, उमेश अग्रवाल, मुकेश शर्मा एडवोकेट, जल सिंह घोडारोप, संजय शर्मा, पंडित दिनेश शास्त्री, कृष्ण सैनी, आरके शर्मा, नगरपार्षद वेदकला शर्मा आदि के अलावा आमंत्रितों के साथ-साथ खासी तादाद में शहर और गांवों से आए गौभक्त मौजूद रहे।

इस मौके पर सर्वप्रथम गौशाला प्रांगण में हवन का आयोजन हुआ। मौजूदजनों ने विश्वकल्याण की मंगलकामना करते हुए यज्ञ में आहूतियां डाली। तत्पश्चात गौशाला में पल रहे गौधन की पूजा कर उन्हे गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। इससे पहले गायों का श्रंगार किया गया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री का आज होगा जोरदार स्वागत : जजपा नेता नगेन्द्र डागर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बताया कि जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का बुधवार, 18 नवम्बर को सोहना के रास्ते मेवात जाते वक्त सोहना के ऐतिहासिक गांव अलीपुर के बसअडडे पर और गांव रायपुर में जजपा कार्यालय पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उनकी अगुवाई में शानदार स्वागत करेंगे। उन्होने बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मेवात दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बताया कि इस परिवार का मेवात से लगाव किसी से छुपा नही है। कई दशकों से यह परिवार आपसी प्रेम-प्यार को बढ़ावा देने के लिए ईद पर दावत-ए-ईद का बड़े पैमाने पर आयोजन करता आ रहा है और इस परिवार का सोहना व मेवात से बहुत ही विशेष लगाव रहा है। उपप्रधानमंत्री रहे जननायक ताऊ देवीलाल चाहे प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अथवा उपप्रधानमंत्री बने, उनके कार्यकाल में देश व प्रदेश की सत्ता दिल्ली व चंडीगढ़ की बजाय सोहना की पहाड़ियों में बैठकर चलती थी। उन्होने बताया कि उपरोक्त जजपा नेता 6 दिसम्बर को जजपा के स्थापना दिवस पर इस बार महेन्द्रगढ़ में आयोजित हो रही राज्यस्तरीय रैली का निमंत्रण क्षेत्र के लोगों को देने के लिए 18 नवम्बर को सोहना और नूंह में आ रहे है। साथ ही उन्होने दावा किया कि महेन्द्रगढ़ की यह रैली एक नया इतहास बनाएगी और इस रैली की कामयाबी के साथ ही राज्य में भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। यह रैली भीड़ के हिसाब से अब तक की पिछली तमाम रैलियों का रिकार्ड तोड़ देगी।


एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शिक्षाविद महेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर अंजू जांगिड की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद से बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने उपस्थितों को लाला लाजपत राय के जीवन से प्रेरणा ले अपनी बुराइयों को छोडऩे, अच्छाइयों को ग्रहण करने, सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक व्यक्ति जीता है, इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाये। लाला लाजपत राय भी ऐसे ही महान व्यक्ति थे, जिन्होने देश व समाज के भले के लिये अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। हम सभी को ऐसे महान व्यक्ति के जीवन से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिये। उन्होने लाला लाजपत राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुये विद्यार्थियों से बालपन से ही असत्य से दूर रह सत्य बोलने पर ही बल दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने स्कूल की शिक्षा, खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों का सिलसिलेवार वर्णन करते हुए कहा कि इस स्कूल के शिक्षकों, विद्यार्थियों की मेहनत के परिणामस्वरूप स्कूल ना केवल विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल है बल्कि बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में इस विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने रिकार्ड तोड़ मैरिट हासिल कर पूरे सोहना व जिला में एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल का परचम फहराया है।

आज जुड़ेगा अहीर-यादव समाज का महाकुंभ : युवा समाजसेवी राजीव यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने क्षेत्र में अहीर बाहुल्य गांवों का दौरा कर अहीर-यादव समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को अपने साथ बुधवार, 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में जुडऩे वाले अहीर-यादव समाज महाकुंभ में सपरिवार साथियों समेत चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि इस राष्ट्रव्यापी महाकुंभ में देश के विभिन्न प्रांतों से आया अहीर-यादव समाज अपनी एकजुटता दिखाने के साथ-साथ शहीद हुए वीर अहीर सैनिकों को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान दिलाने का काम करेगा। विभिन्न गांवों में अपने सम्मान में आयोजित लघुसभाओं में मौजूद ग्रामीणों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए प्रमुख समाजसेवी और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने वर्ष-1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला की धरती पर अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हुए वीर अहीर सैनिकों को राष्ट्रीय पहचान और सम्मान दिए जाने के साथ-साथ रेजांगला की वीर गाथा को राष्ट्रीय पाठयक्रम में शामिल किए जाने, रेजांगला में अहीर धाम को राष्ट्रीय शौर्य स्थल के रूप में विकसित करने की मांग उठाते हुए कहा कि सरकार को उनकी रखी गई मांगों को केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द स्वीकृत कर लागू करने की पहल करनी चाहिए।

भाजपा सरकार एक वर्ष में दूसरी बार करा रही एचटेट परीक्षा : नगरपार्षद नीरज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद में वार्ड-चौदह से नगरपार्षद नीरज सिंगला ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा 26 व 27 दिसम्बर को आयोजित होगी। उन्होने बताया कि 26 दिसम्बर को लेवल तीन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा में ली जाएगी तो अगले दिन 27 दिसम्बर को लेवल दो की परीक्षा सुबह दस बजे से साढ़े बारह बजे तक और इसी दिन दूसरे लेवल वन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक ली जाएगी। नगरपार्षद नीरज सिंगला ने बताया कि चालू वर्ष के दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में होने वाली इस परीक्षा के लिए जल्द ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भिवानी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होने संभावना जताई कि इस बार भी एचटेट परीक्षा में 2 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे और चालू वर्ष की यह दूसरी एचटेट परीक्षा होगी।

एचटेट परीक्षा के लिए ऑनलाइन करना होगा आवेदन : विनीत रतड़ा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा 26 व 27 दिसम्बर को आयोजित होगी। उन्होने बताया कि 26 दिसम्बर को लेवल तीन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा में ली जाएगी तो अगले दिन 27 दिसम्बर को लेवल दो की परीक्षा सुबह दस बजे से साढ़े बारह बजे तक और इसी दिन दूसरे लेवल वन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक ली जाएगी। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा ने बताया कि चालू वर्ष के दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में होने वाली इस परीक्षा के लिए जल्द ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भिवानी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होने संभावना जताई कि इस बार भी एचटेट परीक्षा में 2 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे और चालू वर्ष की यह दूसरी एचटेट परीक्षा होगी।

सोहना में शिक्षक अमन जोगी का निधन- सर्वजातीय समाज ने जताया शोक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर शहर के वार्ड-5 में रहने वाले टीटू जोगी के विवाहित पुत्र अमन जोगी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। अमन जोगी का विवाह करीब एक वर्ष पहले हुआ था और बीस दिन पहले ही उनके घर में कन्या के रूप में लक्ष्मी ने जन्म लिया। अमन जोगी यहां पर गांव इंडरी स्थित एक निजी स्कूल में बतौर शिक्षक नौकरी करते हुए अपने परिवार की आजीविका चला रहे थे। सर्वजातीय समाज के लोगों का कहना है कि वह सदैव सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहे। अत्यंत मृदुभाषी व मिलनसार प्रवृति के चलते उन्होने समाज में अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनाई। उनके निधन पर सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर, सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, नगरपार्षद वेदकला शर्मा,श्री सिंह गुरूद्वारा के प्रधान सरदार गुरूचरण सिंह, श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर, बिजली कारोबारी व प्रमुख समाजसेवी सन्नी पाहूजा, श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा, श्री सनातन धर्मसभा के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा, सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता, नगरपार्षद राखी बागड़ी, अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा, भाजपा नेता राकेश जैन फिरोजपुरझिरका, अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान व अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल, किरयाणा व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, किरयाणा कारोबारी हरिओम सिंगला, पंडित अनिल शर्मा गैस एजेंसी वाले, डाक्टर एसपी राठौड़, डाक्टर महेश गोयल, लाला यादराम अटारिया,

गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान महेश आर्य, नगरपालिकापरिषद के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, लायंसक्लब के रिजन चेयरमैन रहे लायन रवि मदान, लायंसक्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राकेश अरोड़ा बंटी, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, लाला विनोद गोयल उजीनिया, रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, मास्टर अनिल वशिष्ठ, किरयाणा व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल, सोहना व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर और अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश गुप्ता, जाने-माने समाजसेवी व पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, थोक सब्जी विक्रेता नरेन्द्र पाहूजा, नंबरदार बिटटू अरोड़ा, थोक सब्जी विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान उमेश जुनेजा कोकी, सैनी सभा के उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, कांग्रेस नेता चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज, चौधरी दयाराम सैनी, बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट आदि प्रमुख लोगों ने गहरा शोक जताया है।

जजपा सुप्रीमो अजय चौटाला का आज होगा जोरदार स्वागत : जजपा नेता दीपक डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने बताया कि जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का 18 नवम्बर को सोहना के रास्ते मेवात जाते वक्त सोहना के ऐतिहासिक गांव अलीपुर के बसअडडे पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण उनकी अगुवाई में शानदार स्वागत करेंगे। उन्होने बताया कि जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मेवात दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया ने बताया कि इस परिवार का मेवात से लगाव किसी से छुपा नही है। कई दशकों से यह परिवार आपसी प्रेम-प्यार को बढ़ावा देने के लिए ईद पर दावत-ए-ईद का बड़े पैमाने पर आयोजन करता आ रहा है और इस परिवार का सोहना व मेवात से बहुत ही विशेष लगाव रहा है। उपप्रधानमंत्री रहे जननायक ताऊ देवीलाल चाहे प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अथवा उपप्रधानमंत्री बने, उनके कार्यकाल में देश व प्रदेश की सत्ता दिल्ली व चंडीगढ़ की बजाय सोहना की पहाड़ियों में बैठकर चलती थी। उन्होने बताया कि उपरोक्त जजपा नेता 6 दिसम्बर को जजपा के स्थापना दिवस पर इस बार महेन्द्रगढ़ में आयोजित हो रही राज्यस्तरीय रैली का निमंत्रण क्षेत्र के लोगों को देने के लिए 18 नवम्बर को सोहना और नूंह में आ रहे है। साथ ही उन्होने दावा किया कि महेन्द्रगढ़ की यह रैली एक नया इतहास बनाएगी और इस रैली की कामयाबी के साथ ही राज्य में भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। यह रैली भीड़ के हिसाब से अब तक की पिछली तमाम रैलियों का रिकार्ड तोड़ देगी।

सोहना सीआईए ने सोहनाढाणी गांव से किया एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना सीआईए पुलिस ने एक गांजा-तस्कर को पकडऩे में कामयाबी पाई है। पकड़ में आए आरोपी की पहचान 26 वर्षीय देविन्द्र कुमार उर्फ हवा सिंह निवासी हालआबाद गांव सांपकीनंगली, वार्ड-19, शहर सोहना के रूप में हुई है। जिसे सोहना सीआईए पुलिस थाने में कार्यरत सहायक सबइंस्पेक्टर की अगुवाई वाली टीम ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर एक स्थान से गिरफ्तार किया है। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी सबइंस्पेक्टर राजेश कुमार को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि गांव सांपकीनंगली में रहने वाला देविन्द्र सोहनाढाणी गांव में एक स्थान पर गांजा बेचने के लिए आया हुआ है। यदि अभी छापेमारी की जाए तो आरोपी को गांजे के साथ रंगेहाथों पकड़ा जा सकता है। सूचना को सही मान उन्होने सोहना सीआईए पुलिस थाने में कार्यरत एक सहायक सबइंस्पेक्टर की अगुवाई में एक टीम गठित कर आरोपी को पकडऩे के निर्देश दिए। सूचना को सही मान सीआईए पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंच गई और जैसे ही आरोपी वहां आया, पुलिस ने घेराबंदी डाल उसे ललकारा तो पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के आगे उसकी एक ना चली। पुलिस उसे पकड़ कर थाने में ले आई और जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह इस गांजे को एक स्थान से 8 हजार रुपए में खरीद कर लाया था और अब इस गांजे की छोटी-छोटी पुडिया बनाकर ज्यादा पैसा कमाना चाह रहा था कि गांजा बेचने से पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में आरोपी के पास से 530 ग्राम गांजा बरामद हुआ। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। जिसे पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

सोहना में किसी भी कीमत पर नही बनने देंगे डंपिंग यार्ड : पंडित भगवतदयाल शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना शहर की पहाड़ कॉलोनी के समीप प्रस्तावित बड़े डम्पिंगस्टेशन के विरोध में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बिगुल बजाकर आरपार की लड़ाई लडऩे का ऐलान किया है। साथ ही इस मसले पर इलाके के गणमान्य लोगों की गठित की गई डंपिंग यार्ड हटाओ संघर्ष समिति की आपात बैठक रविवार, 22 नवम्बर को शहर के बीचोबीच स्थित प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में आयोजित होगी। मंगलवार को यहां पर उपरोक्त जानकारी देते हुए शहर के वार्ड-5 में रहने वाले विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सोहना में उद्योग लाने, महिला कॉलेज बनाने, खेलस्टेडियम में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने, बसअडडा परिसर में रोडवेज का सबडिपो बनाए जाने और गौचर भूमि पर गौवन बनाने, मेट्रो सोहना तक लाने, सोहना शहर को रेल सेवा से जोड़े जाने, सडक़ों पर घूम रहे बेसहारा गौधन, आवारा कुत्तों और बंदरों पर रोक लगाने की बजाय क्षेत्र को कूड़ाघर देने का काम कर रही है। जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा। विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही किया जाएगा और गुरूग्राम व फरीदाबाद जिले का कूड़ा-कचरा सोहना में हर्गिज नही आने दिया जाएगा। पहले ही यहां के लोग टीबी, कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे है। कूड़ाघर बनने पर बीमारियां और ज्यादा पनपेगी। विद्वान पंडित भगवतदयाल शर्मा ने भाजपा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार को चौतरफा घेरते हुए कहा कि क्षेत्र व प्रदेश की भोलीभाली जनता को झूठे सपने दिखाकर भाजपा ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे साल में जनता को मूर्ख बनाकर दीवाली के उपहार के रूप में कोई नई योजना देने की बजाय सोहना में करीब 20 एकड़ भूमि पर बड़ा कूड़ाघर बनाने का निर्णय लेकर लोगों को बीमारियों की सौगात देने का काम किया है। भाजपाई केवल हवा-हवाई बातें कर भाई को भाई से लड़ाकर जात-बिरादरी का जहर घोल माहौल को खराब करने का काम कर रहे है तो सरकार प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता, बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर काबू पाने में पूर्णतया विफल साबित हो रही है। उन्होने कहा कि ऐतिहासिक तीर्थस्थल गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड की बदौलत देश-दुनिया के मानचित्र पर अपनी विशिष्ठ पहचान बनाने वाले शिवनगरी सोहना को भाजपा सरकार ने कूड़ाघर बनाने और शहर को नरक सिटी बनाने का मन बनाया है।

जिसे इलाका किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा। क्षेत्र के लोग पहले ही बढ़ रहे प्रदूषण, आए दिन बार-बार लगने वाले जाम से परेशान है। दूषित हवा की वजह से रोगों की चपेट में आ रहे है। विकास को बढ़ावा देने की बजाय क्षेत्र के लोगों के साथ धोखा देने का काम हो रहा है। राज्य में सरकार कही सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है तो किसानों को फसलों का एमएसपी दाम नही मिल रहा है। आज हर वर्ग भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आ गया है।

26 व 27 को होगी पुलिस निगरानी में अध्यापक पात्रता परीक्षा : व्यापारी नेता जितेन्द्र मित्तल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल उर्फ सोनू मित्तल ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित अध्यापक पात्रता परीक्षा 26 व 27 दिसम्बर को आयोजित होगी। उन्होने बताया कि 26 दिसम्बर को लेवल तीन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा में ली जाएगी तो अगले दिन 27 दिसम्बर को लेवल दो की परीक्षा सुबह दस बजे से साढ़े बारह बजे तक और इसी दिन दूसरे लेवल वन की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक ली जाएगी। स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल उर्फ सोनू मित्तल ने बताया कि चालू वर्ष के दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में होने वाली इस परीक्षा के लिए जल्द ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी भिवानी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होने संभावना जताई कि इस बार भी एचटेट परीक्षा में 2 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे और चालू वर्ष की यह दूसरी एचटेट परीक्षा होगी।

सरकारी अस्पताल में गंदे पानी की निकासी ना होने से रोगी परेशान : कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता




सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व किसान कांग्रेस में जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया ने बताया कि यहां पर शहर में बने उपमंडलस्तरीय सरकारी अस्पताल व ट्रामासेंटर में गंदे पानी की निकासी के इंतजाम ना होने से जहां रोगी और उनके तीमारदार परेशान हो रहे है, वही सरकारी अस्पताल में संक्रमण और मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा बन गया है। अस्पताल परिसर का मौका-मुआयना कर कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने बताया कि करीब 5 दशक पुराने इस सरकारी अस्पताल की सीवर लाइन को आज तक भी मुख्य सीवर लाइन से नही जोड़ा गया है। जिस कारण अस्पताल परिसर में सीवर के गंदे पानी की निकासी नही हो पा रही है और अस्पताल से निकलने वाला गंदा पानी अस्पताल परिसर में बने 3 गढढों में जमा किया जा रहा है। ये गढढे भी ओवरफ्लो नजर आ रहे है।

उन्होने बताया कि अस्पताल में रोजाना 600 से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंच हे है। इसके अलावा अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों की भी आवाजाही बराबर रहती है तो वही अस्पताल परिसर में गंदे पानी का जमा होना स्वच्छता के दावों की पोल खोलते हुए संक्रमण को बढ़ावा देता नजर आ रहा है। कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने बताया कि हालात यह है कि अस्पताल में बने इन गढढों में जमा हो रहे गंदे पानी को निकालने के लिए हर पखवाडे अस्पताल प्रबंधन को सीवर टैंकर बुलाने पड़ रहे है और अस्पताल का काफी बजट बार-बार इसी पर खर्च हो रहा है तथा कमाल की बात यह है कि अस्पताल प्रभारी के बार-बार इस तरफ ध्यान दिलाने के बावजूद संबंधित जलआभियांत्रिकी विभाग यानी पब्लिक हैल्थ के अधिकारी इस तरफ तनिक भी ध्यान नही दे रहे है। ना ही सर्कल एसडीएम और ना ही उपायुक्त इस समस्या का निवारण करने में कोई रूचि ले रहे है।

लाला लाजपत राय के सपनों को साकार बनाए : डाक्टर यशवीर राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में मंगलवार को अमर शहीद लाला लाजपत राय के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें गांव घामडोज के साथ-साथ आसपास लगते गांवों से आए आमंत्रितों ने हिस्सा लिया। शिक्षाविद मनोज कुमार राघव की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा के राज्य प्रवक्ता डाक्टर यशवीर राघव ने कहा कि लाला लाजपत राय एक ऐसे वीर सेनानी थे, जिन्होने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। लाला लाजपत राय ताउम्र राष्ट्र, समाज एवं शिक्षा उत्थान के प्रति समर्पित रहे। भारतीयों को आजादी में खुली सांस लेने के लिए सबसे पहले स्वतंत्रता की मांग करने वाले लाला लाजपत राय ने देश को आजाद कराने के लिए अपनी शहादत देकर आजादी की नींव रखी थी। हमें चाहिए कि ऐसी महान शख्सियत से प्रेरणा लेकर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करे। भाजपा के राज्य प्रवक्ता डाक्टर यशवीर राघव ने कहा कि लाला जी के नाम से मशहूर लाला लाजपत राय ने जलियावाला बाग नरसंहार के खिलाफ सबसे पहले विरोधप्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मरते दम तक लड़ाई लड़ते रहे लेकिन ना तो कभी अंग्रेजी हुकूमत के आगे घुटने टेके और ना ही चमचागिरी, चापलूसी की। जब तक जिंदा रहे, अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम बनाए रहे और जब तक देश आजाद नही हुआ, तब तक देश की आजादी के लिए पूरी तरह संघर्षरत रहे। हमें चाहिए कि हम सभी जातपात और पार्टीबाजी जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर एक हो और स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के सपनों को साकार बनाते हुए देश व समाज को नई दिशा देने का काम करे।